Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 181 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 09 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



धर्म की बात करना और धर्म से बात करना इन दोनों में बहुत अंतर है।

Religion means consoling and satiating others, not of own self.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### जेल में बंद निर्लंबित आईएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**रांची (आरएनएस)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड की निर्लंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिल पाई। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 11 मार्च मुकर्रर की है। बता दें कि पूजा सिंघल को झारखंड के खूंटी में मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था।

### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**रायपुर (विसं)।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज पंडरी स्थित जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के समस्त विभागों की सुविधाएं, मरीजों की देखभाल, और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल को स्वच्छ, और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों से सद्व्यवहार करने और यथासंभव सहयोग करने कहा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ श्री विश्वदीप और सिविल सर्जन मौजूद थे ।

## आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के निवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलता देखकर मिलती है संतुष्टि : प्रधानमंत्री मोदी





### उत्तर बस्तर कांकेर जिले की कु. भूमिका से प्रधानमंत्री ने की चर्चा

### भूमिका ने बताया वन धन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ

**रायपुर ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ निचले स्तर पर भी निर्बाध ढंग से पहुंच रहा है, यह जानकर उन्हें काफी संतुष्टि मिली है। आदवासी बाहुल्य क्षेत्र के निवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलते हुए देखने पर संतुष्टि मिलती है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत छत्तीसगढ़ में आयोजित किए जा रहे शिविरों में योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए आज उत्तर बस्तर कांकेर जिले के हितग्राहियों से वर्चुअल चर्चा कर रहे थे। उत्तर बस्तर कांकेर जिले में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम मनकेसरी में आयोजित शिविर में योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। आम लोगों के विकास के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस दौरान श्री मोदी ने प्रधानमंत्री जनमन योजना का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि उनकी सरकार को आदिवासी समाज के निचले स्तर पर जाकर काम करने का मौका मिला। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम मनकेसरी में लगाए गए शिविर में ग्राम भानबेड़ा की कु. भूमिका भूआर्य से उन्होंने वर्चुअल चर्चा की। कुमारी भूमिका ने प्रधानमंत्री को बताया कि उनके गांव में 29 समूह हैं और वन धन विकास केंद्र के माध्यम से लघु वनोपज संग्रहण का काम समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है, जिसका सभी को लाभ मिल रहा है। महुआ के लड्डू और आंवले का अचार बनाकर बेचा जाता है। श्री मोदी के पूछने पर भूमिका ने बताया कि महुआ के लड्डू बनाकर समूह द्वारा 700 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जाता है।

वर्चुअल संवाद के दौरान हितग्राही कु. भूमिका से प्रधानमंत्री ने पूछा कि और किस चीज के लिए महुए का उपयोग होता है, जिस पर भूमिका सहित मौजूद सभी लोगों के ठहाके से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान भूमिका ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि का भी लाभ मिल रहा है। भूमिका ने बताया कि योजनाओं की जानकारी माता पिता के माध्यम से मिली। उन्होंने यह भी बताया कि वह और उनका छोटा भाई कॉलेज में अध्ययनरत हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने भूमिका के जागरूक माता पिता को प्रणाम करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता के कारण ही बच्चे उच्च शिक्षा का लाभ ले रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी पर भारत का बड़ा एक्शन, दिल्ली में मालदीव के उच्चायुक्त को किया तलब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मालदीव के मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित टिप्पणी को लेकर दोनों देशों के बीच तल्खी बढ़ गई है। इस बीच खबर है कि भारत के विदेश मंत्रालय ने मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया है। मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब दिल्ली के साउथ ब्लॉक में विदेश मंत्रालय पहुंचे। भारत ने पीएम मोदी के खिलाफ बयानों पर मंत्रियों की टिप्पणियों को लेकर सख्त नाराजगी जताई है। बता दें कि मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मुद्दे को भारत ने मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू सरकार के सामने उठाया था। माले में भारतीय उच्चायुक्त ने मंत्री की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके बाद मंत्रियों को सस्पेंड किया गया था। भारत की आपत्ति के बाद मालदीव सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है। मंत्री की टिप्पणी मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। वहीं मंत्रियों के अपमानजनक बयानों के बाद भारत में मालदीव का विरोध होना शुरू हो गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अंबिकापुर प्रथम आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया स्वागत



**रायपुर ( आरएनएस )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर में सरगुजा अंचल में प्रथम आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा , उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी श्री रामप्रताप सिंह भी आये। इस दौरान एयरपोर्ट में कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जयसवाल, अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक श्री राम कुमार टोप्पो, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, विधायक श्रीमती गोमती साय के साथ-साथ सरगुजा कमिश्नर श्री जी आर चुरेंद्र, आईजी श्री मोहित गर्ग, कलेक्टर श्री भोसकर विलास संदीपन, एसपी श्री सुनील कुमार , सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माँ महामाया का लिया आशीर्वाद :** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज अम्बिकापुर पहुंच कर मां महामाया मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर माँ महामाया का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेश और देश की तरक्की, शांति और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

## ओएनजीसी ने कृष्णा गोदावरी बेसिन से 'पहला तेल' उत्पादन किया शुरू

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** ओएनजीसी ने देश के पूर्वी तट के कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी प्रमुख गहरे पानी की परियोजना से तेल उत्पादन शुरू कर दिया। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स को संबोधित किया और कहा कि यह जटिल और कठिन गहरे पानी केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक से शुरू हुआ पहला तेल उत्पादन है, जो बंगाल की खाड़ी तट पर स्थित है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कृष्णा गोदावरी की सबसे गहरी सीमाओं से देश का ऊर्जा उत्पादन भी बढ़ना तय है। जैसे-जैसे भारत प्रधानमंत्री @नरेंद्रमोदी जी के नेतृत्व में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है, हमारा ऊर्जा उत्पादन भी सकृष्णगोदावरी की सबसे गहरी सीमाओं से बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा-फर्स्ट ऑयल का उत्पादन कॉम्प्लेक्स से शुरू होता है और कठिन गहरे पानी वाला KG-DWN-98/2 ब्लॉक, बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लंदन में, रक्षा और सुरक्षा पर करेंगे चर्चा



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यूनाइटेड किंगडम (यूके) के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उनका यह आधिकारिक लंदन दौरा सोमवार 8 जनवरी से शुरू हो गया है। रक्षा मंत्री 8 जनवरी से लेकर 10 जनवरी तक यहां लंदन में रहेंगे और इस दौरान वह ब्रिटिश रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

उनकी मुलाकात ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी होनी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ रक्षा मंत्रालय का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल है। इस प्रतिनिधि मंडल में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग, और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

अपने दौरे के दौरान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यूनाइटेड किंगडम (यूके) के रक्षा राज्य सचिव ग्रांट शाप्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उनसे रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग के व्यापक विषयों पर चर्चा होने की आशा है।

अपने यूके दौरे को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा, मैं 8 से 10 जनवरी तक लंदन (यूनाइटेड किंगडम) में रहूंगा, इस दौरान मैं अपने यूके समकक्ष ग्रांट शाप्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करूंगा। रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग के व्यापक मुद्दों पर चर्चा के लिए उत्सुक हूं।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि राजनाथ सिंह के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात करने और विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के राज्य सचिव डेविड कैमरन के साथ बैठक करने की भी आशा है। वह यूनाइटेड किंगडम (यूके) रक्षा उद्योग के सीईओ और उद्योग जगत के नेतृत्व के साथ भी बातचीत करेंगे और वहां भारतीय समुदाय से मिलेंगे।

## स्कूली बच्चों को संस्कारित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : राजस्व मंत्री

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरस्कार से 18 शिक्षक हुए सम्मानित




**रायपुर ( आरएनएस )।** राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों को संस्कारित करने शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे आज जिला मुख्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में नवाचारी रचनात्मक प्रयोग हेतु जिले के 18 शिक्षकों को शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षादूत के लिए 15 एवं ज्ञानदीप के 3 शिक्षक शामिल हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों को बच्चों को ज्ञानरूपी संस्कार देकर गढ़ने का काम पूरी ईमानदारी और मेहनत से करना चाहिए। यही बच्चे आने वाले दिनों में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे अनेक उदाहरण है जब शिक्षकों ने समाज और देश को नई दिशा दी है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और लगन को प्रोत्साहित करने के लिए तत्कालीन शिक्षा मंत्री केदार कश्यप के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि उनकी पहल पर यह पुरस्कार शुरू किया गया था। कार्यक्रम को विजय केसरवानी, चित्तावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने भी संबोधित किया।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल का निधन



**रायपुर ( विसं )।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल का लंबी बीमारी के पश्चात आज सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली में है, वह दोपहर की फ्लाइट से रायपुर लौट रहे हैं।

नंदकुमार बघेल के पार्थिव शरीर को शांति नगर के पाटन सदन में रखा गया है। नंदकुमार बघेल के निधन पर कई लोगों ने शोक जताया है। नंद कुमार बघेल पिछले 3 माह से राजधानी रायपुर के श्रीबालाजी हॉस्पिटल में भर्ती थे। श्रीबालाजी हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि नंद कुमार बघेल लंबे समय से अस्वस्थ थे, और कमजोर थे। उन्होंने आज आखिरी सांसें ली।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया शोक :** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के पिता श्री नंदकुमार बघेल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया हैद्य उन्होंने मृत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

**प्रियंका गांधी ने जताया शोक :** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। ईश्वर शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति दे।

**वरिष्ठ नेताओं ने दी श्रद्धांजलि :** स्व. नंदकुमार बघेल के निधन पर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, हिमांचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खू, कमलनाथ, पीएल पुनिया, अशोक गहलोत, सचिन पायलट, विवेक तन्खा, कुमारी सेलजा, बीके हरिप्रसाद सहित देशभर के अनेकों नामचीन हस्तियों ने भूपेश बघेल से फोन पर चर्चा कर अपनी संवेदनायें प्रकट किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

### स्व. नंदकुमार बघेल वंचित वर्ग की लड़ाई के ध्वजवाहक थे, उनका समाजवादी चिंतन आज भी प्रासंगिक : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्व. नंदकुमार बघेल वंचित वर्ग की लड़ाई के ध्वजवाहक थे। उनका समाजवादी चिंतन आज भी प्रासंगिक। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## मैं दिल्ली क्यों जाऊंगा, मध्य प्रदेश में सक्रिय रहूंगा : कमलनाथ

**भोपाल ( आरएनएस )।** मध्य प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बड़ी हार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह दिल्ली नहीं जाएंगे और मध्य प्रदेश में ही सक्रिय रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पिछले दिनों विदेश प्रवास पर थे और वह विधानसभा सत्र के दौरान सदस्यता की शपथ नहीं ले पाए थे। सोमवार को उन्होंने विधानसभा सदस्य की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कमलनाथ को विधायक की शपथ दिलाई इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित तमाम बड़े नेता मौजूद रहे।

विधानसभा सदस्य की शपथ लेने के बाद कमलनाथ ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा की उन्हें एक बार फिर विधायक चुने जाने के बाद राज्य की सेवा का मौका मिला है, वह इससे खुश हैं। कमलनाथ के विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद दिल्ली जाने की चर्चाएं जोरों पर रही हैं और इसी को लेकर जब पूछा गया कि क्या आप दिल्ली जाएंगे तो उन्होंने साफ कर दिया कि वह मध्य प्रदेश में ही सक्रिय रहेंगे और दिल्ली क्यों जाएंगे। देश में कांग्रेस के साथ बने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का कमलनाथ हिस्सा नहीं हैं, इसी के चलते वह आपसी समन्वय की बैठकों में भी नजर नहीं आ रहे हैं।

## महावीर तपोभूमि में हुआ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नागरिक अभिनंदन

### आचार्य गुरूदेव प्रज्ञासागर जी महाराज ने मध्यप्रदेश के मंगल के लिए मुख्यमंत्री को प्रदान किया मंगल कलश

### न्याय प्रियता के लिए मुख्यमंत्री को प्रदान किया धर्मदंड, यह पहली बार है जब किसी धर्माचार्य द्वारा किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री राजा को धर्मदंड दिया गया





**उज्जैन ( विश्व परिवार )।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का तपोभूमि पर विशेष नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। तपोभूमि द्वार पर 58 धर्मध्वजा फहराई गई, तपोभूमि ट्रस्ट की ओर से द्वार पर गलदस्ता देकर सम्मान किया गया। प्रज्ञा कला मंच, पुष्प मंच द्वारा फूल की पंखुड़ियों से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। आचार्यश्री के कक्ष में प्रज्ञासागर महाराज ने धर्म ग्रंथ भेंट किये। यहां करीब 20 मिनिट महाराजश्री के साथ चर्चा उपरांत भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के कलिकुंड गर्भगृह में पहुंचे जहां आचार्यश्री ने स्वयं अनुष्ठान कराया।

मध्यप्रदेश के मंगल के लिए मंगल कलश प्रदान किया गया जो मुख्यमंत्री निवास पर स्थापित होगा। इसके साथ ही उन्हें एक धर्मध्वजा दी गई जो सनातन और धर्म की जैन धर्म की ध्वजा को दिग्दिगांत तक फहराती रहेगी। इसके साथ ही प्रदेश की समृध्दि के लिए रजत मयी श्रीफल प्रदान किया गया। राजा न्याय प्रिय हो और उसकी न्याय प्रियता से सारी प्रजा सुख का अनुभव करे इसके लिए उन्हें राज दंड के रूप में धर्मदंड प्रदान किया गया। यहं पहली बार है जब किसी धर्माचार्य द्वारा किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री राजा को धर्मदंड दिया गया है उसकी साथी में अपने न्याय को करते हुए प्रजा के सुख की प्रार्थना करते रहेंगे। इसके साथ ही उन्हें तपोभूमि का एक दिव्यतम चित्र प्रदान किया गया। 58 दीप जलाए गए और 58 थाल भरकर फल समर्पित किये गये। प्रदेश के 20वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं 20 मालाओं से सम्मानित किया गया। शाही पगड़ी पहनाकर धर्म दुशाला एवं कंठाहार पहनाया गया। तपोभूमि के मीडिया प्रभारी एवं समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव का तपोभूमि पर पधारने पर आभार प्रकट किया और कहा कि जयति जय उज्जयिनी अर्थात उज्जैन की हमेशा जय होती रही है हजार वर्षों से।

सम्राट विक्रमादित्य की नगरी, गौतम बुद्ध की तपस्थली, जैन धर्म के 22 वे तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ के चचेरे भाई यदुवंशी श्री कृष्ण की शिक्षस्थली, 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की तपस्थली, आचार्य गुरुदेव श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज की धर्म स्थली तप स्थली सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ श्री महावीर तपो भूमि पधारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव का जैन समाज हृदय से आपका आभारी है कृतज्ञ है सभी संस्थाओं की और से आभारी हैं संस्थान प्रत्येक समाज संस्था एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक व्यक्ति के आभारी हैं।

आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने कहा कि मेरी ओर से और जैन समाज की ओर से उन्हें चौबीसों घंटे आशीर्वाद मिलता रहेगा। सकल जैन समाज की ओर से मुख्यमंत्री का समाजसेवी श्री अशोक जैन ने तिलक लगाकर, पगड़ी दिनेश जैन सुपर फार्मा सचिन कासलीवाल संजय बडजातियां या धर्मेंद्र सेठी ने पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। इसी तरह सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायकद्वय श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री ओम जैन, श्री राकेश अग्रवाल, श्री कपिल यार्दे आदि ने मुख्यमंत्री को माला पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। प्रज्ञा पुष्प मंच की बालिकाओं ने मध्य प्रदेश के गन पर नृत्य प्रस्तुत किया अपना मध्य प्रदेश है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि हमें कई पुण्यों के बाद मानव योनी प्राप्त होती है। मानव योनी प्राप्त होने पर व्यक्ति देवमार्ग पर चलता है या लोभ-लालच की राह पर चलता है। यह हमें तय करना है। मनुष्य के जन्म के बाद परमात्मा सन्तों के सान्निध्य से आशीर्वाद मिलते हैं और उनके बताये गये सही रास्ते पर चलकर मानव कल्याण के लिये काम करें। मुख्यमंत्री होने के नाते प्रदेश में सुख-समृद्धि आये, विकास के पथ पर प्रदेश आगे बढ़े और सबके कल्याण के लिये अच्छा काम करूं, यही ईश्वर से प्रार्थना करूंगा और जनता की भलाई करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि जियो और और जीने दो का नारा चरितार्थ करते हुए हम सबको मानव कल्याण की दिशा में कार्य करना चाहिये।

इस अवसर पर संभागायुक्त डॉ.संजय गोयल, आईजी श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, एसपी श्री सचिन शर्मा आदि समाजसेवी, बड़ी संख्या में जैन समाज के प्रबुद्धजन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्थापक अध्यक्ष अशोक जैन चाय वाला अध्यक्ष सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, सचिन धर्मेंद्र सेठी, कार्यअध्यक्ष दिनेश जैन सुपर फार्मा, कोषाध्यक्ष इंद्रमल, उपाध्यक्ष संतोष लुहाडिया तपोभूमि ट्रस्ट संरक्षक कमल मोदी, पवन बोहरा, सह सचिव दीपक जैन, निर्माण मंत्री संजय बड़जात्या, अनिल कासलीवाल, वीरसेन जैन, सुनील जैन बडगडिया, प्रज्ञा कला मंच अध्यक्ष श्री मति नीलू बडजातिया, सचिव श्री मति रश्मि कासलीवाल, प्रज्ञा युवा मंच अध्यक्ष पलाश लुहाड़िया, सचिव निखिल विनायक, प्रज्ञा पुष्प अध्यक्ष अदिति सेठी, सचिव अवनी पतंगिया, प्रज्ञा बाल मंच अध्यक्ष काव्य सेठी, सचिव आराध्य जैन ने आदि सभी ने मौजूद थे।

**राजकीय अतिथि का दर्जा :** तपोभूमि के मीडिया प्रभारी एवं समाज सचिव सचिन कासलीवाल के प्रस्ताव पर मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तपोभूमि प्रणेता आचार्य गुरुदेव श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज को राजकीय अतिथि का दर्जा दिए जाने की घोषणा श्री महावीर पर की जिसकी संपूर्ण समाज ने ताली बजाकर अनुमोदन की।

**-सचिन कासलीवाल**

## संपादकीय

# क्या सीएम आवास पर पड़ेगा ईडी का छापा ?

अभी तक ऐसा नहीं हुआ है कि किसी केंद्रीय एजेंसी ने पद पर मौजूद मुख्यमंत्री के ऊपर कार्रवाई की हो और उसके आधिकारिक आवास पर छापा मारा हो। लेकिन अब एजेंसियों की सक्रियता और मुख्यमंत्रियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई को देखते हुए ऐसा कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री आवास पर भी छापा मारा जा सकता है। कम से कम दो राज्यों, दिल्ली और झारखंड में इस बात की बहुत तेज चर्चा चल रही है कि प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी किसी भी समय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के घर और कार्यालय पर छापा मार सकती है। इससे पहले दिल्ली के मुखयमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय में सीबीआई ने छापा मारा था लेकिन वह कार्रवाई मुख्यमंत्री के तत्कालीन प्रधान सचिव राजेंद्र कुमार के खिलाफ हो रही थी और सीबीआई ने उनके कार्यालय में घुस कर तलाशी ली थी। हालांकि तब भी आम आदमी पार्टी ने यही माहौल बनाया था कि सीबीआई ने सीएम ऑफिस की तलाशी ली है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में सीबीआई ने ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के यहां छापा मारा तो सिर्फ उन्हीं के घर और दूसरे परिसरों पर जांच हुई थी। एजेंसी ने काली घाट स्थित ममता बनर्जी और उनके भाई के घर पर छापा नहीं मारा था। लगता है कि जल्दी ही यह परंपरा टूट सकती है। आम आदमी पार्टी ने तो गुरुवार को ही छापा पड़ने की भविष्यवाणी की थी। राज्य की नंबर दो मंत्री आतिशी और अन्य नेताओं ने  बुधवार क ट्विट करके दावा किया कि गुरुवार को केजरीवाल के आवास पर ईडी छापा मार सकती है और उनको गिरफ्तार कर सकती है। गौरतलब है कि केजरीवाल तीन बार के समन के बावजूद पूछताछ के लिए ईडी के सामने नहीं गए हैं। उधर झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सात बार के समन के बावजूद पूछताछ के लिए ईडी के ऑफिस नहीं गए हैं। इस बीच बुधवार को ईडी ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के यहां छापा मारा। तभी इस बात की आशंका जताई जा रही है कि अब हेमंत के यहां भी छापा पड़ सकता है।

## विचार

# विधानसभा चुनाव सिर्फ नीतीश कुमार चाहते हैं

बिहार में लोकसभा के साथ ही विधानसभा का भी चुनाव हो जाए यह आइडिया सिर्फ नीतीश कुमार के दिमाग में घूम रहा है। उनकी पार्टी के नेता नहीं चाहते हैं कि समय से दो साल पहले विधानसभा का चुनाव कराया जाए। उनकी सरकार में शामिल राजद के नेता भी इसके लिए तैयार नहीं हैं और संभावित सहयोगी यानी भारतीय जनता पार्टी ने तो सिरे से इस प्रस्ताव को खारिज किया हुआ है। भाजपा नहीं चाहती है कि किसी भी बड़े राज्य में, जहां भाजपा का आधार मजबूत है वहां लोकसभा के साथ विधानसभा का चुनाव हो। भाजपा को हमेशा इस बात की चिंता रहती है कि विधानसभा के जातीय समीकरण का असर लोकसभा की वोटिंग पर भी पड़ सकता है, जिसका नुकसान भाजपा को हो सकता है। इसलिए बिहार जैसे बड़े राज्य में भाजपा लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव को नहीं जोड़ना चाहती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार ने इस बारे में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से भी बात की थी। लेकिन लालू प्रसाद ने भी एक साथ चुनाव कराने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि राजद के राजी नहीं होने की स्थिति में नीतीश कुमार ने अकेले चुनाव लड़ने की संभावना पर भी विचार किया था। जानकार सूत्रों के मुताबिक राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के अध्यक्ष पद से हटने से पहले ही उनसे एक बार बात की थी और कहा था कि क्यों नहीं जनता दल यू अकेले चुनाव लड़ जाए। यह भी बताया जा रहा है कि नीतीश के कैलुकेशन में छोटे छोटे कई क्षत्रप शामिल हैं। उनको लग रहा है कि पशुपति पारस, उपेंद्र कुशवाहा आदि को साथ लेकर वे अकेले चुनाव लड़ सकते हैं। उनकी पार्टी के एक जानकार नेता ने बताया कि वे कांग्रेस से बात करके उसको राजद से अलग करने और जदयू के साथ मिल कर लड़ने के लिए राजी करने की कोशिश भी करेंगे। हालांकि कांग्रेस भी इस आइडिया के पक्ष में नहीं है। असल में नीतीश कुमार इस बात के लिए बेचैन हैं कि किसी तरह से उनके विधायकों की संख्या में इजाफा हो। उनको पता है कि 45 विधायक लेकर वे बहुत दिन तक बिहार की राजनीति को अपनी शर्तों पर नहीं चला पाएंगे। उनको यह भी लग रहा है कि कुछ विधायक लोकसभा चुनाव की टिकट के लालच में पार्टी और विधायकी छोड़ सकते हैं। उनकी सीटों पर उपचुनाव हुआ तो जदयू की जीत की संभावना अच्छी नहीं रहेगी। दूसरी ओर उनके विधायकों को चिंता है कि अगर साथ में चुनाव हुआ तो उनको अपनी सीट गंवानी पड़ सकती है क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में जदयू और राजद में आमने सामने का मुकाबला हुआ था। अगर दोनों साथ लड़ते हैं तो सीटों का अदला-बदली होगी। अगर राजद और भाजपा की बात करें तो दोनों के नेता नीतीश कुमार को लेकर आशंकित हैं। उनको पता है कि नीतीश कुमार विधानसभा का चुनाव चाहे राजद के साथ लड़ें या भाजपा के साथ लड़ें, उनकी सीटें बढ़ेंगी। और एक बार सीटें बढ़ गईं तो फिर वे किसी के काबू में नहीं रहेंगे। उनकी सीटें बढ़ेंगी तो इसका मतलब होगा कि विधानसभा और त्रिशंकु होगी और तब उनका महत्व और बढ़ेगा। इसलिए दोनों बड़ी पार्टियां नहीं चाहती हैं कि दो साल पहले विधानसभा का चुनाव करा कर नीतीश के हाथ में राजनीति का कंट्रोल दिया जाए।

## फुगावों की मादकता से मुक्ति का समय

यह सुखद है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उत्साहीलालों की टोली की इस बिगुलबाज़ी की पूरी तरह अनदेखी कर रहा है और पूरी संजीदगी से सीट बंटवारे की प्रक्रिया को तजुर्बेकार लोगों की देखरेख में पूरी करा रहा है। कांग्रेस के भीतर अपनी तिकड़मों की बिसात बिछाते घूमते रहने वाले गिरोह ने यह राग अलापना भी शुरू किया था कि इंडिया-समूह के कुछ राजनीतिक दल ऐन वक्त पर पलट जाएंगे, इसलिए कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने की तैयारियां रखनी चाहिए। सिर्फ़ इच्छाधारी होने भर से अगर इच्छाएं पूरी होने लगतीं तो फिर बात ही क्या थी? फिर इच्छाएं अगर आसमानी हों तो वे यूं ही ज़मीन पर नहीं उतर आती हैं। उन्हें आसमानी परिश्रम के ज़रिए अपनी बाहों में भर कर ज़मीन तक लाना पड़ता है। ला कर ज़मीन में बोना पड़ता है। खाद-पानी देना पड़ता है। उसके बाद फूटने वाले अंकुरों को कीड़े-मकोड़ों से सहेजना पड़ता है।

# स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम कब

भूपिंदर सिंह

तेज चलने, दौडने, शारीरिक क्रियाओं को करने से रक्त संचार तेज हो जाता है। मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से बार-बार उठाई जा रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। इस बार क्या सरकारी स्कूल अपने यहां या कोई निजी स्कूल पहल करेगा? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं, किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडना बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वह आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सके। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाड़ियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है।



तेज चलने, दौडने, शारीरिक क्रियाओं को करने से रक्त संचार तेज हो जाता है। मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से बार-बार उठाई जा रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है।

# ऑनलाइन शादियों की ठगी समझे,वेडिंग.कॉन देखें

विनीत नारायण

आश्चर्य की बात यह है कि सभ्रांत परिवार की यह पढ़ी-लिखी महिलाएँ इस तरह ठगों के झाँसे में आ गईं कि पूरी तरह लुट जाने के पहले उन्होंने कभी अपने माता-पिता तक से इस विषय में सलाह नहीं ली और न ही उन्हें अपने आर्थिक लेन-देन के बारे में कभी कुछ बताया। शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न माने जब तक उनकी और उनके परिवार की पृष्ठभूमि की किसी समानांतर प्रक्रिया से जाँच न करवा लें। जब से सोशल मीडिया का नेटवर्क पूरी दुनिया में फैला है तब से इसका उपयोग करने वालों की संख्या करोड़ों में बढ़ती हुई है। इसका लाभ यह है कि दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति दूसरे छोर पर बैठे व्यक्ति से चौबीसों घंटे संपर्क में रह सकता है। फिर वो चाहे आपसी चित्रों का आदान-प्रदान हो, टेलीफोन वार्ता हो या कई लोगों की मिलकर ऑनलाइन मीटिंग हो। इसका एक लाभ उन लोगों को भी हुआ है जो जीवन साथी की तलाश में रहते हैं। फिर वो चाहे पुरुष हों या महिलाएँ। हम सबकी जानकारी में ऐसे बहुत से लोग होंगे जिन्होंने इस माध्यम का लाभ उठा कर अपना जीवन साथी चुना है और सुखी वैवाहिक जीवन बिता रहे हैं। पर हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। अगर एक पहलू यह है तो दूसरा पहलू यह भी है जहां सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके बहुत सारे लोगों को धोखा हुआ है और आर्थिक व मानसिक यातना भी झेलनी पड़ी है। भारत में किसी अविवाहित महिला का जीवन जीना आसान नहीं होता। उस पर समाज और परिवार का भारी दबाव रहता है कि वो समय रहते शादी करे। चूँकि आजकल शहरों की लड़कियाँ काफ़ी पढ़-लिख रही हैं और अच्छी आमदनी वाली नौकरियाँ भी कर रही हैं इसलिए प्रायः ऐसी महिलाएँ केवल माता-पिता के सुझाव को मान कर पुराने ढर्रे पर शादी नहीं करना चाहती। वे अपने कार्य क्षेत्र में या फिर सोशल मीडिया पर अपनी पसंद का जीवन साथी ढूँढती रहती हैं। इसके साथ ही ऐसी महिलाओं की संख्या कम नहीं है जो कम उम्र में तलाकशुदा हो गईं या विधवा हो गईं। इन महिलाओं के पास भी अपने गुज़ारे के लिए आर्थिक सुरक्षा तो ज़रूर होती है परन्तु भावनात्मक असुरक्षा के कारण इन्हें भी फिर से जीवन साथी की तलाश रहती है। इन दोनों ही क़िस्म की महिलाओं को दुनिया भर में बैठे ठग अक्सर मूर्ख बना कर मोटी रक़म ऐंठ लेते हैं। बिना शादी किए ही इनकी ज़िंदगी बर्बाद कर देते हैं। ऐसी ही कुछ सत्य घटनाओं पर आधारित बीबीसी की एक वेब सीरीज 'वेडिंग.कॉन' इसी हफ़्ते ओटीटी प्लेटफार्म आमेजन प्राइम पर जारी हुई है। यह सीरीज इतनी प्रभावशाली है कि इसे हर उस महिला को देखना चाहिए जो सोशल मीडिया पर जीवन साथी की तलाश में जुटी हैं। बॉलीवुड की मशहूर निर्माता-निर्देशक तनुजा चंद्रा ने बड़े अनुभवी और योग्य फ़िल्मकारों की मदद से इसे बनाया है। इस सिरीज़ में जिन महिलाओं के साथ हुए हादसे दिखाए गए हैं उनमें से एक विधवा महिला तो अपनी मेहनत की कमाई का लगभग डेढ़ करोड़ रुपया उस व्यक्ति पर लुटा बैठी जिसे उसने कभी देखा तक न था। इसी तरह एक दूसरी महिला ने पचास लाख रुपये गंवाए तो तीसरी महिला ने बाईस लाख रुपये। चिंता की बात यह है कि ये सभी महिलाएँ खूब पढ़ी-लिखी, संपन्न परिवारों से और प्रोफेशनल नौकरियों में जमी हुई थीं। शादी की चाहत में सोशल मीडिया पर ये ऐसे लोगों के जाल में फँस गईं जिन्होंने अपनी असलियत छिपा कर शादी की वेब साइटों पर नक़ली प्रोफाइल बना रखे थे। ये ठग इस हुनर में इतने माहिर थे कि उनकी भाषा और बातचीत से इन महिलाओं को रत्ती भर भी शक नहीं हुआ। वे बिना मिले ही उनके जाल में फँसती गईं और उनकी भावुक कहानियाँ सुन कर अपने खून-पसीने की कमाई उनके खातों में ट्रांसफ़र करती चली गईं। इन महिलाओं को कभी यह लगा ही नहीं कि सामने वाला व्यक्ति कोई बहरूपिया या ठग है और वो बनावटी प्यार जता कर इन्हें अपने जाल में फँसा रहा है। इनमें से दो व्यक्ति तो ऐसे निकले जो तीस से लेकर पचास महिलाओं को धोखा दे चुके थे। तब कहीं जा कर पुलिस उन्हें पकड़ पाई। आश्चर्य की बात यह है कि सभ्रांत परिवार की यह पढ़ी-लिखी महिलाएँ इस तरह ठगों के झाँसे में आ गईं कि पूरी तरह लुट जाने के पहले उन्होंने कभी अपने माता-पिता तक से इस विषय में सलाह नहीं ली और न ही उन्हें अपने आर्थिक लेन-देन के बारे में कभी कुछ बताया। जब इन्हें यह अहसास हुआ कि वे किसी आधुनिक ठग के जाल में फँस चुकी हैं तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। इस अप्रत्याशित परिस्थिति ने उन्हें ऐसा सदमा दिया कि कुछ तो अपने होशोहवास ही गँवा बैठी। उनके माता-पिता को जो आघात लगा वो तो बयान ही नहीं किया जा सकता। फिर भी इनमें से कुछ महिलाओं ने हिम्मत जुटाई और पुलिस में शिकायत लिखवाने का साहस दिखाया। फिर भी ये ज़्यादातर ठगों को पकड़वा नहीं सकीं। साइबर क्राइम से जुड़े पुलिस के बड़े अधिकारी और साइबर क्राइम के विशेषज्ञ वकील ये कहते हैं कि मौजूदा क़ानून और संसाधन ऐसे ठगों से निपटने के लिए नाकाफ़ी हैं। इनमें से भी जो ठग विदेशों में रहते हैं उन तक पहुँचना तो नामुमकिन है। क्योंकि ऐसे ठगों का प्रत्यर्पण करवाने के लिए भारत की दूसरे देशों से द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि नहीं है।  देसी ठगों को भी पकड़ना इतना आसान नहीं होता क्योंकि वह फ़र्ज़ी पहचान, फ़र्ज़ी आधार कार्ड, फ़र्ज़ी पैन कार्ड, फ़र्ज़ी टेलीफोन नंबर का प्रयोग करते हैं और अपने मक़सद को हासिल करने के बाद इन सबको नष्ट कर देते हैं। इस सिरीज़ की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यह करोड़ों भारतीय महिलाओं को बहुत गहराई से ये समझाने में सफल रही है कि शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न माने जब तक उनकी।

# पत्रकारिता में अनेक चुनौती एवं आरोप- प्रत्यारोप

विजय कुमार जैन

पत्रकारिता या मीडिया को प्रजातांत्रिक शासन प्रणाली में चौथा स्तंभ माना गया है। प्रजातंत्र में संवैधानिक व्यवस्था में तीन स्तंभ होते है विधायिका,



कार्यपालिका और न्याय पालिका। इन तीन स्तंभों से भी बढ़कर चौथे स्तंभ निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता का माना गया है। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता जिसे हम गर्व से प्रजातंत्र का चौथा स्तभं कहकर सम्मान करते है। उस चौथे स्तंभ को आज किस स्थिति से गुजरना पड़ रहा है किन किन गंभीर चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है यह हमारे चिंतन का विषय है। 26 जनवरी 1950 को संविधान के अनुरूप लोक तांत्रिक शासन प्रणाली को लागू किया गया। उस समय देश के कर्णधारों ने जोर शोर से कहा प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ निष्पक्ष पत्रकारिता है, जो समय समय पर अपनी कलम से अन्याय और अत्याचार को उजागर करेगा। जब देश आजाद  हुआ पत्रकारिता का एक मात्र माध्यम समाचार पत्र थे। समाचार पत्रों का प्रकाशन देश के नामी औद्योगिक घरानों ने कर सबसे पहले निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता का गला घोंटा। समाचार पत्र के मालिक के ही इशारे पर चलना संपादक एवं पत्रकार की मजबूरी है। जो पत्रकार जिस समाचार पत्र के लिये काम करता है वह अखबार मालिक की इच्छा के विरूद्ध अपनी लेखनी नही चला सकता। अगर इच्छा के विरुध्द कभी लिख दिया तो उस पत्रकार की उसी दिन छुट्टी कर दी जाती है। आज मीडिया के तीन माध्यम है। सबसे पहले समाचार पत्र ही एक मात्र माध्यम थे। पिछले लगभग 30- 35 वर्ष से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अर्थात् टी वी चेनलों ने प्रवेश किया  है। इन मीडिया के दो माध्यम के अलावा पिछले लगभग 10 -15 वर्ष से सोशल मीडिया भी जोर शोर से सक्रिय हुआ है। आज हम देखते है देश की आजादी के 75 वर्ष बाद भी देश में स्वतंत्र एवम् निष्पक्ष पत्रकारिता का गला घोंटा जा रहा है।पहले निष्पक्ष पत्रकारिता समाचार पत्रों के मालिकों के हस्तक्षेप से प्रभावित थी। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने पूरी तरह से पैर पसार लिये हैं। टी व्ही चैनलों के मालिकों ने निष्पक्ष पत्रकारिता का गला घोंट दिया है। चैनल बाले जिसे चाहते हैं वही समाचार निरंतर प्रसारित होता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर गोदी मीडिया या बिकाऊ मीडिया आदि अनेक आरोप लग रहे हैं। हम जिसे प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ कहते है वह भारतीय मीडिया आज उधोगपतियों एवम् बड़े बड़े अखबार मालिकों, चैनल मालिकों के यहाँ गिरबी रखा है। मालिक की इच्छा के अनुरूप पत्रकार को अपनी लेखनी चलानी पड़ती है या चैनल पर बोलना पड़ता है। जब पत्रकार अपनी कलम को स्वतंत्र रूप से नही चला सकता तो यह कहना वेमानी है कि भारतीय मीडिया स्वतंत्र और निष्पक्ष है। अखबार में या टी व्ही चैनल पर काम कर रहे पत्रकार को कदम कदम पर यह भय रहता है कि कब मालिक नाराज हो जाये और घर का रास्ता दिखा दे। म. प्र. में मात्र दो या तीन समाचार पत्र है जिन्होंने ने अपने यहाँ काम करने बाले पत्रकारों को वेतनमान से वेतन एवं सुविधाएं देना प्रारंभ किया है। सबसे ज्यादा परेशान वरिष्ठ पत्रकार हैं जो समाचार पत्र से रिटायर होकर स्वतंत्र पत्रकार के रूप में विभिन्न सामयिक विषयों पर लेख लिखते हैं। इन सामयिक लेखों का प्रकाशन तो समाचार पत्र में करते हैं मगर लेखक वरिष्ठ पत्रकार को कोई मानदेय नहीं देते हैं। वरिष्ठ पत्रकार जिस समाचार पत्र में उसके आलेख को प्रकाशित किया है मानदेय की अपेक्षा करता है। तो सम्मान जनक मानदेय देना चाहिए।मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने राज्य शासन से अधिमान्य वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकारों की समस्याओं पर सहानुभूति दिखाकर उनकी सम्मान निधि, चिकित्सा सहायता राशि में वृद्धि की है। यह भी प्रावधान किया है वरिष्ठ पत्रकार के स्वर्गवास पर उसकी विधवा पत्नी को राज्य शासन सहायता राशि देगा। देश के नेता एवं अधिकारी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता में सबसे बड़ी बाधा है। अपने स्वार्थों की रक्षा के लिये ये पत्रकारों का अपने अनुसार उपयोग कर रहे है।  जिला स्तर पर अधिकारी गण पत्रकारों में फूट डालकर दो गुट करा देते है। निडर एवं निष्पक्ष रिपोर्टिंग करने बाले पत्रकारों को तरह तरह से प्रताड़ित किया जाता है।उन्हे धमकियाँ दी जाती है गुण्डों से पिटवाया जाता है। वकील के माध्यम से मोटी राशि का मानहानि नोटिस भेजा जाता है। पत्रकारों पर ब्लैक मेलिंग के गंभीर आरोप लगाकर उनका चरित्र हनन किया जाता है। भारत की सर्वोच्च  न्यायालय ने हाल ही पत्रकारों के हित में एक आदेश दिया है पत्रकारों को समाचार का श्रोत बताने के लिए वाद्य नहीं किया जा सकता। इस आदेश का पत्रकार जगत में स्वागत हुआ है।हम यह नही कह रहे कि सभी पत्रकार या मीडिया से जुड़े व्यक्ति राजा हरिश्चंद्र के वंशज है। हम मानते है कि इस जाति में भी कुछ पथ भृष्ट तत्व हो सकते है मगर उन पथ भृष्ट गिने चुने लोगों से पूरे समाचार जगत को एक ही चश्मे से देखना अन्याय होगा। यह भी सर्वमान्य सत्य है मीडिया से जुड़े हमारे साथियों को पथ भृष्ट करने में राजनेताओं और अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की स्वतंत्रता आज चुनौतीपूर्ण कठिन कार्य है। निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता आज जोखिम से भरा कठिन कार्य है। विगत  वर्ष एक प्रकरण आया है जिसमें न्याय के लिए देश के ख्याति प्राप्त पत्रकार ने भारत की सर्वोच्च न्यायालय में शरण ली वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पत्रकार दुआ के विरुद्ध राजद्रोह का मामला सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है।सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश में कहा है वर्ष 1962 का आदेश हर पत्रकार को ऐसे आरोप से संरक्षण प्रदान करता है। स्मरणीय है कि एक भाजपा नेता की शिकायत के आधार पर विनोद दुआ पर दिल्ली दंगा पर केंद्रित उनके शो को लेकर हिमाचल प्रदेश में राजद्रोह का आरोप लगाया गया था।एक एफ आई आर में उन पर फर्जी खबरें फैलाने, लोगों को भड़काने, मान हानिकारक सामग्री प्रकाशित करने जैसे आरोप लगाए थे। इस प्रकरण से हम अंदाज लगाने मजबूर हैं कि देश के चौथे स्तंभ का अस्तित्व खतरे में है जो सत्य को उजागर करने साहस करता है उसकी कलम तोड़ने कुचलने के सुनियोजित प्रयास हो रहे हैं विचारणीय बिंदु है यह है कि देश के जाने-माने लोकप्रिय पत्रकार विनोद दुआ अपने ऊपर लगाए गए देशद्रोह के प्रकरण में न्याय की गुहार लेकर देश की सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गए उन्हें सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मिल गया।  उन पर देशद्रोह का प्रकरण चाहने वालों को मात खानी पड़ी। ऐसे निष्पक्ष निर्भीक पत्रकार विनोद दुआ जिन्होंने न्याय के लिये देश की सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया उनका पिछले वर्ष असामयिक स्वर्गवास हो गया। हम उन्हें विनम्र श्रृद्धांजली अर्पित करते हैं। ज्वलंत प्रश्न यह है देश के छोटे छोटे नगरों जिला मुख्यालयों पर कार्यरत पत्रकारों पर इस तरह का प्रकरण चलाया जाता है तो क्या वे भी सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच पाएंगे

## संक्षिप्त समाचार

### मुनिश्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- मोबाइल कैसे चॉर्ज करें



**एलोरा (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि मोबाईल चॉर्ज करते हो देखते हो कनेक्शन ल्यूज तो नहीं है, अपने-अपने कनेक्शन को ठीक कर लेना भगवान या गुरू की भक्ति कर रहो तो तो जुड़ाव सही होना चाहिए। पूज्यवर ने आगे कहा कि पारस पत्थर लोहे को सोना बनाता है पर जंग लगा हुआ लोहा सोना नहीं बन सकता। अपनी-अपनी जंग को साफ कर लेना, हम लोहे को सोना बनाने की बात नहीं लोहे को पारस बनाने की बात करते हैं। मुनिश्री जी ने कहा कि कन्नड़ में आज आये हैं कन्नड़ शब्द कह रहा है कि कमरकस लो, करो-नटो नहीं नकार चंद बनना ठीक नहीं। मुनिश्री जी ने कहा कि युगल मुनि बहुत सारी पॉलिसी लेकर आये हैं। जिनालय बीमा भवन है एवं मुनि उसके एजेण्ट। ध्यान रखना बहुत सारी पॉलिसी में से किसी न किसी पॉलिसी को अपना बीमा अवश्य कर लेना और कमीशन भी आपका। अंत में हायकू लिया- एक जड़ हो-एक से नहीं जुड़ो-बेजोड़ बनो। -**विद्यावाणी संकलन**

### राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने जगद्गुरू श्री शंकराचार्य से लिया आशीर्वाद



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज से रावांभाठा स्थित आश्रम में मुलाकात कर प्रदेश सहित पूरे देश की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

### दिगम्बर फैजाबाद क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस सोसायटी के रणविजय सिंह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**फैजाबाद (विश्व परिवार)।** दिगम्बर फैजाबाद क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस सोसायटी लालबाग अयोध्या की आमसभा की बैठक रविवार दिनांक 07 जनवरी को सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रणविजय सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी मंत्री रमेश कुमार सिंह ने बताया सोसायटी का द्विवार्षिक चुनाव घोषित किया गया, जिसके तहत दिनांक 13 जनवरी को नामांकन व 15 जनवरी को चुनाव की तारीख सर्वसम्मत से घोषित की गई। यह जानकारी सोसायटी के मंत्री रामकुमार सिंह द्वारा प्रदान की गई।

### रामगंजमंडी के अभिषेक जैन लुहाड़िया अहिंसा क्रांति सम्मान से हुए सम्मानित



**रामगंजमंडी (विश्व परिवार)।** जैन धर्म के प्रचार मे अग्रणीय प्रमुख समाचार पत्र अहिंसा क्रांति 10 वे वर्ष: मे प्रवेश कर गया 7 जनवरी 2024 को जोधपुर के जैन श्वेताबर कम्युनिटी हाल मे यह आयोजन हुआ आयोजन के इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जोधपुर डिविजन के एकमात्र जैन विधायक श्रीमान अतुल भंसाली रहे इस अवसर पर अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी का अहिंसा क्रांति मीडिया अवार्ड देकर अभिनन्दन किया गया। इस आयोजन के विशेष अतिथि गौतम जैन डीवाईएसपी इसके साथ ही जैन कांफ्रेस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष पुष्पा गोखरू जैन समस्त महाजन ट्रस्टी गिरीश भाई समाजसेवी विमल कुमार नवलखा कमल बैद आदि वरिष्ठ जन मौजूद रहे।सम्मान समारोह में प्रधान सम्पादक मुकेश नाहर जैन कोलकाता सुरेन्द्र मुणोत सह सम्पादक कोलकाता ने उन्हे सरोपा एवम मोमेंटो देकर उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। निश्चित रूप से अभिषेक ने अपनी लेखनी से रामगंज मंडी का नाम रोशन किया है एवं रामगंज मंडी को गौरवान्वित किया है। इसे रामगंज मंडी की एक बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है।

### 22 जनवरी को रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर में आतिशबाजी के साथ होगी महाआरती

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सर्वधर्म हनुमान मंदिर रेलवे स्टेशन परिसर के अध्यक्ष राजकुमार राठी, संरक्षक कमलेश तिवारी, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंघानिया ने बताया की 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसर में शाम 6 बजे से 21 पंडितो की अगुवाई में उपस्थित राम भक्ति द्वारा राम रक्षा स्त्रोत का संगीतमय पाठ कर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। श्री राठी ने बताया की इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से अयोध्या के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कर महिलाओं द्वारा 1100 दीप प्रज्वलित कर उपस्थित राम भक्तो द्वारा आतिशबाजी के साथ दीपावली मनाई जाएगी, तत्पश्चात हनुमान जी की महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री, सांसद सुनील सोनी, विधायक सहित हजारों गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

### स्वर्गीय महेश भाई व्यास स्मृति विज्ञान विषयक निबंध प्रतियोगिता

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2023 एवं हमारी वैज्ञानिक उपलब्धियां विषय पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। राजेन्द्र ओझा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि निबंध हिन्दी में हस्तलिखित होना चाहिए, एक विद्यालय से अधिकतम दो प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी तथा शब्द सीमा 800-1000 शब्द की है तथा अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 है। विस्तृत जानकारी मोबाइल नंबर 9575467733 या 8770391717 पर प्राप्त की जा सकती है। -**राजेन्द्र ओझा**

## आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने कहा- धर्म के फल दया रूपी मूल से प्राप्त होते हैं !



**आगरा (विश्व परिवार)।** धर्मस्य मूलं दया धर्म की मूल दया है। मिट्टी में जल डाला जाए और उसमें मृदुता न आए ऐसा कभी हो नहीं सकता। धर्म तो बाद में आता है। पहले तो बीज से जड़ (मूल) उत्पन्न होती है वही मूल भूमि से अकरण के रूप में बाहर आती है वही अंकुर पौधा बनता है उसमें तना, टहनियाँ, डालियाँ, पत्ते और फल लगते हैं। ठीक उसी प्रकार आत्मा में धर्म के फल तब ही लगते है जब आत्मा में दया भाव रूपी जड़ (मूल) उत्पन्न होती है, पुन: उस दया मूल के फलस्वरूप अंकुरण तना, डालियाँ, पत्ते और फल रूप धर्म की प्राप्ती होती है। ऐसा मांगलिक सदुपदेश उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी अवागढ़ में विशाल धर्मसभा को सम्बोधित करते हैं परम पूज्य भावलिंगों संत आचार्य श्री विमर्श सागर जी महामुनिराज ने दिया।

आचार्य श्री ने करते हुए कहा अपनी अंतरंग भावना को जनमानस के बीच प्रगट बन्धुओं। मैं तो यही भावना करता हूँ कि जहाँ भी नजर जलू मुझे जिनमंदिर ही जिनमंदिर दिखाई दें, मेरी दृष्टि जहाँ भी जाएँ बस जिनमंदिर और जिनालगों के दर्शन से पवित्र होती रहे।

उत्तर प्रदेश के इस दक्षेत्र में ऐसी अद्भुत ऊर्जा प्रवाहित होती रहती है मैं जब-जब भी इस क्षेत्र में आता हूँ मुझे धर्म की गंगा ही प्रवाहित होती दिखाई देती है। आखिर हो भी क्यों न इस क्षेत्र में हमारे धर्म के दाद्म-परदादा गुरुजनों के जन्म से यह क्षेत्र पवित्र हुआ है। परमपूज्य समाधि सम्राट आचार्य भगवन् महावीर कीर्ति जी महामुनिराज इस क्षेत्र के महादेव हैं और आचार्य श्री विमलसागर जी, आचार्य श्री सन्मति सागर जी महामुनिराज इस क्षेत्र के देवता है। आज बत्सल्य रत्नाकर आचार्य भगवन् गुरुवर श्री विमल सागर जी महामुनिराज के 30 वें समाधि दिवस पर गुरुवर के चरणों में तत्व भक्ति युन् कोटिशा नमोस्तु अर्पित करते हैं। जिनागम पंघ प्रभावना यात्रा जन्मभूनि जतादा से अतिशय क्षेत्र तिजारा के लिए अनवरत बड़ती चली जा रही है। 08 जनवरी को अवागढ़ से पद विहार करते हुए आचार्य श्री अपने विशाल संघ सहित बावला ग्राम पहुंचे। 09 जनवरी मंगलवार की मध्याहन बेला में आचार्य श्री ससंघ धर्म नगरी एटा में मंगल पदार्पण कर रहे हैं। -**अनुज जैन**

## सीतामढ़ी, बिहार में आचार्य श्री महिमा सागर जी महाराज ससंघ की हुई भव्य आगवानी



**सीतामढ़ी (विश्व परिवार)।** श्री मिथिलापुरी जी तीर्थ क्षेत्र, नेपाल बॉर्डर, सुरसंड, सीतामढ़ी, बिहार में परम पूज्य आचार्य श्री महिमा सागर जी महाराज ससंघ का आगमन आज दिनांक 8 जनवरी 2024 को संध्या 4 बजे हो गया है। आचार्य श्री के संघ में तीन मुनिराज तथा तीन आर्यिका माताजी हैं।

ज्ञातव्य हो कि भगवान मल्लिनाथ स्वामी तथा भगवान नमिनाथ स्वामी के चार-चार कल्याणक से सुशोभित श्री मिथिला पुरी जी तीर्थ की पुनर्स्थापना 2021 में नेपाल बॉर्डर पर की गई है। जहां पर प.पू.आर्यिका ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से दोनों भगवान के चरण स्थापित किए गए हैं तथा आचार्य श्री प्रमुख सागर जी महाराज के सानिध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठित चतुर्थ कालीन सम तीन भगवान की प्रतिमाओं को वेदी शुद्धी करके विराजमान कराया गया था।

इस तीर्थ पर तीर्थ स्थापना के बाद से तीर्थ की वंदना हेतु पूरे देश भर से यात्रियों का लगातार तांता लगा हुआ है। सभी इस क्षेत्र पर आकर, इस क्षेत्र की वंदना कर अपने आप को धन्य मान रहे हैं। आचार्य श्री महिमा सागर जी महाराज संघ का विहार शिखर जी से मंदारगिर, जमुई जी, राजगीर, पावापुरी, कुंडलपुर, गुणांवा, कमलदह जी, वैशाली जी होते हुए श्री मिथिलापुरी जी तीर्थ पर आज पहुंचा है। आचार्य श्री के यहां दो दिन रहने की संभावना है। मिथिला पुरी जी में भगवान आदिनाथ, भगवान मल्लिनाथ और भगवान नमिनाथ स्वामी की 35 फीट ऊंची विशाल खडगासन प्रतिमा भी हो रही है स्थापित। जिसका पंचकल्याणक चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में 2024 के अंत में होने की संभावना है। तीर्थ पर निर्माण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। सभी अपना तन, मन, धन देकर तीर्थ को विकसित करने में भरपूर सहयोग कर रहे हैं और अपार पुण्य का संचय कर रहे हैं। -**प्रवीण जैन**

## अन्तर्मना उवाच : सत्य मौन होकर मुस्कुरा रहा है और असत्य शब्द का शोर मचा कर नाच रहा है : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज



**औरंगाबाद (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर ने जब सत्य के केवल्य को पाया तो 66 दिन मौन होकर, मधुर मुस्कान से भर गये। शायद उनका मौन कह रहा था कि जो मेरे मौन को नहीं समझ पा रहा है, वह शब्दों को क्या समझेगा-? क्योंकि अन्धे को दर्पण और गंजे को कंघी देना-दिखाना व्यर्थ है। जहाँ सत्य मुखर होता है, वहाँ शब्द की यात्रा आपोआप थम सी जाती है।

आप विचार करें! जो सत्य को ना सुनना चाहते, ना देखना चाहते, ना जानना चाहते, और ना जीना चाहते हैं, उनसे शब्द की यात्रा में, सह यात्री बनकर चलना निस्सार है। क्योंकि - मौन का प्रेम, मौन का आनंद, मौन की करूणा, मौन की मित्रता सत्य के करीब और बहुत होती है। जब शब्द अधिक शोर मचाते हैं तो वे अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते हैं। क्योंकि सत्य - मौन की अभिव्यक्ति है, मौन अनेक बिमारियों का इलाज है। शब्द औषधि है, तो मौन सर्वोषधि है।

असत्य में शब्दों की भीड़ है, शब्दो का बाजार है, लेकिन मौन अकेला है। सत्य जितना निडर होगा, मौन उतना प्रखर होगा। इसलिए हम व्रत उपवास की लम्बी यात्रा में मौन हो जाते हैं जिससे हमें अपने व्रत उपवास और लक्ष्य का बोध बना रहे। जब हम मौन होकर एकान्त साधना करते हैं तब अपने करीब और बहुत करीब होते हैं। क्योंकि मौन स्वयं से जोड़ता है, बाहर के प्रपंच और सम्बन्धों से बचाता है। शब्दों की यात्रा, धन कमाने, यश को बढ़ाने, स्वयं की पहचान बनाने और लोगों को ठगने के लिये होती है। शब्दों की यात्रा में अनेक कारण है, लेकिन सत्य और मौन अकारण है। शोर में शिखर की ऊंचाई है, तो मौन में गहराई है, सतह है, बोध है, समझ है, विवेक बुद्धि है। हमने 557 दिन का अखण्ड मौन रखा, आप 24 घन्टे में 57 मिनट ही मौन का पालन करके अपने भीतर के शोर को सुनना, समझना और मुस्कुराना। यदि शब्द मौन से ज्यादा कीमती हो, तब दो शब्द बोलें, अन्यथा मौन रहना ही बेहतर है। अधिक कहने के बजाय थोड़ा कहने, और अधिक बताने में ही समझदारी है। हाँ और ना - यह दुनिया के सबसे प्राचीन दो शब्द है जिसे बोलने में बहुत सोचना पड़ता है।

-**नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## आर.के. पुरम त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर के चुनाव सम्पन्न



**कोटा/राजस्थान (विश्व परिवार)।** जंगल वाले बाबा परम पूज्य मुनि 108 चिन्मय सागर जी महाराज के निर्देशन में निर्मित श्री 1008 मुनिसुब्रतनाथ दिगंबर जैन (त्रिकाल चौबीसी) मंदिर में मंदिर समिति आर.के.पुरम कोटा के निर्विरोध चुनाव हर्षोल्लास के मंगलमय वातावरण में संपन्न हुए। 31 वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि ने बताया कि इसमें अध्यक्ष पद पर अंकित जैन धनोत्या महामंत्री पद पर अनुज जैन गोधा एवं कोषाध्यक्ष पद पर ज्ञानचंद जैन खजूरी वालों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज के महामंत्री विनोद जी टोरडी, पदम जी दुगेरिया, हरकचंद जी गोधा, प्रकाश जैन, महावीर ढाबा, पवन पाटोदी, राजकुमार वैद, महेश जैन आदि समाज श्रेष्ठि उपस्थित थे सभी ने नवीन पदाधिकारीयो का भाव भीना अभिनंदन कर स्वागत किया। उक्त समस्त जानकारी राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि ने प्रदान की। -**पारस जैन पार्श्वमणि**

## भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभू एव 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस

### तीर्थंकर चन्द्र प्रभू एवं पार्श्वनाथ जयन्ती पर जैन मंदिरों में गूंजे जयकारे



**जयपुर (विश्व परिवार)।** जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभू एवं 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस रविवार, 7 जनवरी को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये।

अभा दिगम्बर जैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रात: दोनों तीर्थंकरो के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात श्री जी की पूजा अर्चना की जाकर पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ भगवान चन्द्रप्रभू का जन्म कल्याणक श्लोक कलि पौष इकादशि जन्म लयो, तब लोकविषै सुख थोक भयो। सुरईश जजें गिरशीश तबै, हम पूजत है नुतशीष अबै।। %% बोलकर जन्म कल्याणक अर्घ्य चढाया गया।

इसी तरह से भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक श्लोक- जन्में त्रिभुवन- सुखदाता, एकादशि पौष विख्याता। श्यामा तन अदभुत राजै, रवि कोटिक - तेज सु लाजे।। बोलकर जन्म कल्याणक अर्घ्य चढाया गया। इसी प्रकार दोनों तीर्थंकरो के तप कल्याणक अर्घ्य चढाये गये। इस मौके पर म्हारा चन्द्रप्रभू जी की सुन्दर मूरत म्हारें मन भाई जी......., पारस प्यारा लागो, जिनेश्वर प्यारा लागो... के भजनों पर झूमते हुए शामिल हुए श्रद्धालुओं ने नाचते गाते पंचपरमेष्ठी, भगवान चन्द्रप्रभू एवं भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती की।

अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार आमेर के नटाटा स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साह आबूजीवाले के नेतृत्व में भगवान पार्श्वनाथ जयन्ती मनाई गई जिसमें मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ भगवान की शांतिधारा की। तत्पश्चात् अष्ट द्रव्य से श्री 1008 पार्श्वनाथ एवं भगवान चन्द्रप्रभू पूजा का आयोजन किया गया। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ जन्म व तप कल्याणक अर्घ्य चढाये गये।इस मौके पर अध्यक्ष महेन्द्र कुमार, संजय साह आबूजीवाले, माया साह, मिनिका बिलाला, तनिषा बिलाला सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए। श्री जैन के मुताबिक ख्वास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सोनियान में आचार्य चैत्य सागर एवं आचार्य सौरभ सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ के 108 कलशों से ऋद्धि मंत्रो के साथ अभिषेक एवं शान्तिधारा की गई। पंचामृत अभिषेक के बाद श्री कल्याण मंदिर पूजा विधान तथा आचार्य विमल सागर महाराज की पूजा की गई। धर्म सभा में दोनों आचार्यों के मंगल प्रवचन हुए। सायंकाल आरती एवं भक्ति संध्या के आयोजन किये गये। श्री जैन के मुताबिक एस एफ एस के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जन्म व तप कल्याणक के मौके पर समाजश्रेष्ठी सुरेन्द्र - सुनिता, शुभम-तन्वी एवं आयुषी जैन हल्दैनिया ने शांतिधारा का पुण्यार्जन किया।

श्री जैन के मुताबिक दुर्गापुरा के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर, सांगानेर के श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी, गलता रोड पर अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावडी, आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, सूर्य नगर तारों की कूंट पर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बैनाड़ स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, खोह नागोरियान स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह सहित शहर के 250 से अधिक जैन मंदिरों में भगवान चन्द्र प्रभू एवं पार्श्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर पूजा अर्चना के विशेष आयोजन गये।

-**विनोद जैन कोटखावदा**

## 67वीं राष्ट्रीय शालेय खेल स्पर्धा का समापन, बृजमोहन अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि




**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद, राजनांदगांव संतोष पाण्डेय ने की। 14 वर्ष बालक और 17 वर्ष बालिका कैटेगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों ही वर्गों में छत्तीसगढ़ की टीम विजयी रही। गोल्ड मेडल और ट्रॉफी अपने नाम की। बृजमोहन ने विजेता टीम को पदक प्रदान किया। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि, यह खुशी की बात है कि, राष्ट्रीय स्तर कि प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव में किया गया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। हम देशभर से आए सभी खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ की धरती पर हार्दिक स्वागत करते हैं।

**वॉलीबॉल स्पर्धा में बालक और बालिका दोनों वर्गों में जीता गोल्ड मेडल**

## स्थानीय परिस्थितियों तथा किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप कृषि यंत्रों का विकास किया जाए : डॉ. चंदेल

### कृषि यंत्र एवं मशीनरी परियोजना की 38वां तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला प्रारंभ, देश भर के 27 केन्द्रों से कृषि अभियांत्रिकी के वैज्ञानिक शामिल हुए




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 8 से 10 जनवरी, 2024 तक आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (कृषि उपकरणों एवं मशीनरी) की 38वीं वार्षिक कार्यशाला का आज यहां शुभारंभ किया गया। कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर में में आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के मुख्य आतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. एस. एन. झा ने की। कार्यक्रम में भोपाल स्थित केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान के निदेशक डॉ. सी.आर. मेहता तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक उपनिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. के.पी. सिंह एवं अखिल भारतीय कृषि यंत्र एवं मशीनरी परियोजना के परियोजना समन्वयक डॉ. के एन अग्रवाल भी उपस्थित थे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. अजय वर्मा, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. विनय पाण्डेय भी शामिल हुए। इस तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला के प्रमुख विशेषज्ञ के रूप में पंजाब राव देशमुख कृषि विद्यापीठ के पूर्व कुलपति एवं फार्म मशीनरी के विशेषज्ञ डॉ. सी.एम मायंडे उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न कृषि यंत्रों एवं उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मजदूरों की कमी तथा बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों में यंत्रों का उपयोग किया जाना जरूरी हो गया है, इससे विभिन्न कृषि कार्यों में समय तथा श्रम की बचत होती है। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों एवं अभियंताओं को विभिन्न फसलों की विशिष्टताओं, क्षेत्रीय परिस्थितियों तथा किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नये कृषि यंत्रों का विकास करना चाहिए। डॉ. चंदेल ने कृषि में यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी - कम्प्यूटर, मोबाईल सेवाएं, रिमोट सेंसिंग, ड्रोन तकनीक आदि का उपयोग किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि यंत्रों के अनुसंधान एवं विकास हेतु फार्म मशीनरी निर्माण करने वाली संस्थाओं की जरूरतों का भी ध्यान रखने पर बल दिया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. एस.एन. झा ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कृषि यंत्र एवं मशीनरी परियोजना के अंतर्गत संचालित 27 केन्द्रों में कृषि यंत्रों के अनुसंधान एवं विकास हेतु उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं तथा बलती कृषि परिस्थितियों एवं किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार नये-नये कृषि यंत्र इजात किये गये हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल पढ़ने गए बाल गृह के दो बालक लापता, मामला दर्ज

**कोरबा(विश्व परिवार)।** स्कूल में पढने गए बालगृह के दो बच्चे भाग निकले। तलाश करने के बाद भी नहीं मिलने पर मामले की रिपोर्ट दर्री थाना में दर्ज कराई गई है। बालक बालगृह दर्री में संचालित संस्था स्त्रोत ने थाना में सूचना दी है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दर्री में कक्षा छठवीं में अध्ययनरत 17 व 15 वर्ष के दो बालक दो जनवरी को पढ़ने गये थे। दोपहर दो बजे स्कूल से सूचना मिली कि दोनों स्कूल परिसर में नहीं हैं। इस पर बाल गृह के कर्मचारी व स्कूल के शिक्षकों ने खोजबीन की। साथ ही उनके स्वजनों को सूचना दी गई। काफी तलाश के बाद कुछ पता नहीं चलने पर चार जनवरी को संस्था ने थाना में सूचना दी। बालक बाल गृह के अधीक्षक संतोष पटेल की रिपोर्ट पर पुलिस ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका पर धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

### कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को दी गई भावभीनी विदाई

**जांजगीर चांपा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को आज भावभीनी विदाई दी गई। निवर्तमान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन में सभी ने टीम वर्क के साथ काम किया इसलिए सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यही वजह रही कि विधानसभा निर्वाचन 2023 की जो जिम्मेदारी दी गई उसका सभी ने संवेदनशीलता के साथ बहुत ही अच्छे से निर्वहन किया । उन्होंने कहा कि 11 माह के कार्यकाल में सिर्फ कार्यों पर फोकस किया और उनको करते हुए जो भी चुनौतियां सामने आई उनका हल निकाला । उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही जिले में खेल की गतिविधियों सहित अन्य क्षेत्र में बेहतर किया गया उन्होंने कहा कि जांजगीर में अग्निवीर भर्ती का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई कार्यक्रम को अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ श्री आर के खुंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती निशा नेताम मंडावी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अपने अनुभव एवं विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नेशनल हाइवे 49 पर दो बाइकों की भिंड़त

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** रायगढ़ से बिलासपुर और ओडिशा को जोड़ने वाली नेशनल हाईवे 49 हादसों के लिए अभिशप्त होता जा रहा है। सड़क में लगातार हादसे की वजह से इसे खूनी सड़क कहा जाने लगा है। बीती शाम लगभग सात बजे दो बाइक की भिडंत में छह साल के एक मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि दो बाइक में सवार तीन लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतकों में छह साल का एक मासूम भी शामिल है। लगतार हो रहे हादसे और लोगों की असमय मौत से लोगों में आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक जूटमिल थाना क्षेत्र से गुजरने वाली राष्ट्रीय राज मार्ग 49 में शाम करीब पौने सात बजे हड़कंप मच गया। झलमला और गांव मिडमिडा के करीब दो बाइक की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। दूर तक मोटरसाइकिल के कलपुर्जे बितरे नजर आए। हादसे में दो युवकों समेत छह साल के मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे जानकारी राहगीरों ने पुलिस व डायल 112 को दी। इस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। लगातार हादसे की वजह से स्थानीय लोग आक्रोशित हैं। उन्होंने शासन प्रशासन पर जागीजाहिर करते हुए चक्का जाम कर दिया। पुलिस की टीम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगो को समझाइश देत रही। लेकिन देर शाम तक चक्काजाम पर प्रदर्शन में डटे रहे। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस मृतकों की पहचान में जुटी रही।

### बीमारी से तंग आकर महिला ने जहर खाकर दी जान

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोना निवासी एक महिला ने बीमारी से त्रस्त होकर जहर खा लिया। परिजन उसे गंभीर हालत में सिम्स लेकर आए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम बिरकोना निवासी रमाबाई पति लक्ष्मी चौहान के हाथ-पैर व जोड़ों में अक्सर दर्द रहता था। इससे परेशान होकर 31 दिसंबर को उसने जहर खा लिया था। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। कल उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

# कोरली की हसीन वादियों में उमड़ने लगी है सैलानियों की भीड़

## आकर्षक नजारे की खबर छपने के बाद उमड़ी भीड़

#### बिनता घाटी की गोद में और इंद्रावती के तट पर बसा है अनछुआ पर्यटन स्थल



**लोहंडीगुड़ा(विश्व परिवार)।** कोरली के नदी तट पर और बिनता घाटी की गोद में बसे कोरली गांव के खूबसूरत नजारे अब पर्यटकों को अपनी ओर खींचने लगे हैं। बिनता घाटी की वादियों का चुंबकीय आकर्षण सैलानियों को बरबस अपनी ओर खींचने लगा है। कोरली के गुमनाम अनछुए प्राकृतिक सौंदर्य की ओर इस समाचार पत्र ने प्रकृति प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कराया था। अखबार में खबर छपते ही कोरली चर्चा में आ गया और अब वहां सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। बस्तर संभाग पर कुदरत बहुत ज्यादा मेहरबान और कुदरत ने बस्तर को ढेरों नेमतों से नवाजा है। बस्तर का हर कण प्रकृति की अनुपम गाथा सुनाता है। दर्जनों प्रजातियों के पेड़ों से आच्छादित जंगल, कलकल बहती नदियां, विहंगम जलप्रपात, प्राचीन गुफाएं, शैलचित्र एवं भित्तिचित्र, प्राचीन प्रतिमाएं, आसमान से गलबाहियां करते पहाड़ और पहाड़ों को चूमते बादल.. क्या कुछ नहीं दिया है प्रकृति ने बस्तर को। ऐसा लगता है कि कुदरत ने बस्तर को दिल खोलकर नेमतों से नवाजा है। बस्तर में विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जल प्रपात, तीरथगढ़ वाटरफॉल, कुटुमसर की गुफा, केशकाल घाटी का विहंगम दृश्य, बैलाडीला की पहाड़ियों पर विचरण करते कपसीले और स्याह बादलों के झुंड, प्राचीन और विशालकाय भगवान गणेश की अलौकिक प्रतिमा, दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी का पावन धाम, कांकेर स्थित मां कंकालिन के दिव्य दरबार के साथ ही अनगिनत दर्शनीय, रमणीय और पूज्यनीय स्थल हैं। इन जगहों पर आकर लोग अपना अतीत भूल जाते हैं, वर्तमान में खो जाते हैं और सुनहरे भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। बस्तर की हसीन वादियों में बारहों माह सैलानियों की आमदरफ्त लगी रहती है। देशभर के और विदेशी सैलानीबड़ी संख्या में बस्तर आते हैं। बस्तर के पर्यटन मानचित्र में अब एक नया नाम जुड़ गया है। वह है बिनता घाटी की वादियों में इंद्रावती नदी के तट पर बसा और विशाल पहाड़ों से घिरा गांव कोरली। यह अनचिन्हा पर्यटन स्थल सैलानियों को अपनी ओर धीरे धीरे ही सही आकर्षित जरूर करने लगा है। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 80 किमी दूर स्थित बिनता घाटी की छटा तो देखते ही बनती है, इंद्रावती नदी के तट पर बसे लोहंडीगुड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत भेजा के आश्रित गांव कोरली का भी नजारा दिल की गहराइयों में उतर जाता है। कोरली प्रकृति के उपहारों से समृद्ध गांव है। कलकल करती इंद्रावती नदी इस गांव की धरा का आचमन करती हुई सुकमा जिले की ओर आगे बढ़ जाती है। कोरली के पास नदी का नजारा बड़ा ही मनभावन है। पहाड़ों से घिरे कोरली में आकर इंद्रावती नदी ठहर सी जाती है, मानो उसे भी कोरली से लगाव हो गया हो। गर्मी के दिनों में झुलसाती गर्म हवाएं नदी के जल का स्पर्श पाकर शीतल बयार में तब्दील हो जाती हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दूरस्थ ग्रामों में आयोजित किए जा रहे शिविर

#### योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचे लोग

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम नावगांवकला व लोतलोतामें, जनपद पंचायत करतला के घाठाद्वारी व जर्वे में शिविर आयोजित किया गया। साथ ही कोरबा जनपद पंचायत के ग्राम केराकछार, मौहार दरगा, व बुदेली में, पोड़ी उपरोड़ा जनपद के झिनपुरी, व बुढ़ापारा, कुरथा में तथा विकासखंड पाली के ग्राम परसदा, बापापूती व शिवपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

#### शिविर लगाकर हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित, योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायतों तक में पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पेण्ड्री (नवा.), ठाकुरदिया में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभन्वित किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित हुए जिन्हें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर के खुंटे ने जनपद पंचायत पामगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संकल्प यात्रा के सभी इंडीकेटर्स को फोकस करते हुए योजना पर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।उन्होंने सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री एल के कौशिक मौजूद रहे।

# समय पर लाभ दिलाना मेरा और विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य : कलेक्टर

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए कलेक्टर श्री चौहान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री के एल चौहान बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम सुतीउरकुली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चौहान ने विकसित भारत संकल्प यात्रा संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समय पर लाभ दिलाना मेरा और विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में, सरकार के योजनाओं में और राजस्व आपदा के तहत मेरे जिले में कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी के साथ मिलकर जनता भी काम करें, तो मैं विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे में आरबीसी अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से आकस्मिक मृत्यु जैसे प्रकरण में 4 लाख का सहयोग राशि दिलाऊंगा। इस अवसर पर अथिति सुभाष जालान ने कहा कि इस यात्रा में शिविर में सरकार की योजनाओं का गांव गांव में लाभ दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री चौहान ने सभी विभागो के स्टाल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री चौहान ने खेत में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन प्रदर्शन का अवलोकन किया। महिलाओं और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी,जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 8,9,10 जनवरी के महाअभियान प्रत्येक व्यक्ति का बने आयुष्मान कार्ड - कलेक्टर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री के एल चौहान ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों की बैठक आयोजित कर शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रत्येक व्यक्तियों को दिलाने हेतु छूटे हुए सभी व्यक्तियों का कार्ड बनाने के लिए जिले में महाभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफआर निराला ने बताया कि जिले के लगभग सात लाख जनसंख्या में से सवा पांच लाख लोगों का ही कार्ड बना है, जिसे पूरा करने के लिए 8,9,10 जनवरी 2024 को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में महाभियान चलाया जाएगा, ताकि सभी लोगों को राज्य एवं देश के सूचीबद्ध अस्पतालों में पांच लाख तक का लाभ मिल सके । इस महाभियान के दौरान विकासखंड बरमकेला के 55, विकासखण्ड बिलाईगढ़ के 109 तथा विकासखंड सारंगढ़ के 96 ग्रामों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा । जिले के सभी ग्रामों में पंचायत सचिवों के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों के पास शिविर से पूर्व ही छूटे हुए व्यक्तियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है । कलेक्टर ने सभी ग्राम कोटवारों के माध्यम से एक दिन पूर्व तथा शिविर के दौरान प्रतिदिन मुनादी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है । सभी पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सभी छूटे हुए लोगों का मोबिलाइजेशन कर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाए । स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मैदानी अमले के कर्मचारी पर्यवेक्षक, आरएचओ तथा सीएचओ को पूरे अभियान तक सत्र स्थल पर रहकर निगरानी करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा । सभी बीए ई लोगों को समय पर शिविर प्रारम्भ कर छुटे हुए सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए ।

# मलेरिया ग्रस्त बच्चे की जान नहीं बचा सके सरकारी डॉक्टर!

#### जिला अस्पताल नारायणपुर में नहीं मिल सका इलाज

#### परिजनों का आरोप -एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं कराई



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** मच्छर रहेगा, मलेरिया नहीं' स्लोगन कई दशक पुराना है। देश में अनेक दशकों से मच्छर और मलेरिया उन्मूलन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस पर अब तक शासन अरबों रुपए खर्च कर चुका है। करोड़ों रू. खर्च कर सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इतना सब कुछ जतन करने के बावजूद मलेरिया भी है और मच्छरों की आबादी घटने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। मलेरिया से मौतों का आंकड़ा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। मलेरिया के मामले में बेहद संवेदनशील बस्तर संभाग के सरकारी जिला चिकित्सालयों में भी मलेरिया का ढंग से ईलाज नहीं हो पाता। मलेरिया के मरीजों के लिए जिला अस्पताल महज रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। इसका एक ताजा उदाहरण बस्तर संभाग के नारायणपुर के जिला चिकित्सालय में देखने को मिला, जहां एक शिशु की मौत मलेरिया के चलते हो गई। जिला अस्पताल के डॉक्टर बच्चे को जगदलपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में रेफर करने पर आमादा थे। इसी फेर में बच्चे की जान चली गई। नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर ग्राम बाहकेर निवासी आज्ञाराम सलाम व उसकी पत्नी अपने 9 माह के बीमार बच्चे को उप स्वास्थ्य केंद्र छोटेडोंगर लेकर गए थे। बच्चे के पिता ने बताया उप स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने बच्चे को जिला अस्पताल नारायणपुर रेफर कर दिया। परिजन बच्चे को लेकर शाम करीब 4.30 बजे जिला अस्पताल नारायणपुर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बच्चे की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई। उसके बाद लगभग रात 8 बजे अचानक डॉक्टर ने बच्चे को जगदलपुर रेफर करने की बात कही। इससे बच्चे का पिता घबरा गया और उसने निजी अस्पताल ले जाने हेतु एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग डॉक्टरों से की। अस्पताल प्रबंधन ने एंबुलेंस देने से साफ इंकार कर दिया और कुछ दस्तावेजों पर बच्चे के पिता से हस्ताक्षर कराने के बाद अस्पताल से जाने को कह दिया। परिजन अपने बच्चे की जान बचाने उसे मोटर साइकिल से दूसरे अस्पताल जाने वाले ही थे, तभी बच्चे ने अस्पताल के दरवाजे पर ही दम तोड़ दिया। बच्चे के शरीर मे हलचल थम जाने के बाद माता समझ गई अब उसका लाल नही रहा। महिला अपने 9 माह के लाल के शव को गोद में लेकर अस्पताल में रोती बिलखती रही, लेकिन अस्पताल प्रबंधन का दिल नहीं पसीजा। आसपास मौजूद लोगों से सूचना मिलने पर मीडिया कर्मी वहां पहुंच गए। मीडिया के लोगों ने प्रभारी कलेक्टर को मामले की जानकारी दी। प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे ने मामले पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार को मौके पर भेजा। तहसीलदार ने महिला को अस्पताल के अंदर चलने का निवेदन करते हुए मरीज के सामानों को स्वयं लेकर अस्पताल के अंदर लेकर गए। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन नींद से जाग व स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी व डाक्टर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस की व्यवस्था कर बच्चे के शव और परिजनों को उनके गृह ग्राम भेजा। पूरे मामले पर जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. आदित्य केकती ने कहा कि मरीज को मलेरिया था और परिजनों को बताया गया कि स्थिति नाजुक है, रेफर करना पड़ेगा। लेकिन परिजनों ने इंकार करते हुए दूसरे अस्पताल में ले जाने की बात कही। दूसरे अस्पताल ले जाते वक्त मरीज की मृत्यु हो गई। पश्चात एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर उन्हे गृहग्राम रवाना कर दिया गया।

## व्यापार समाचार

### किराए पर मिलेगी नमो भारत ट्रेन फिल्म और डॉक्यूमेंट्री की हो सकेगी शूटिंग- करना होगा इतना भुगतान

**गाजियाबाद( एजेंसी )।** एनसीआरटीसी की नमो भारत ट्रेन में अब विज्ञापन और फिल्मों की शूटिंग भी होगी। इसके लिए स्टेशन और ट्रेन को पूरी तरीके से तैयार किया जा रहा है। इसके लिए मोटा किराया भी वसूला जाएगा। आरआरटीएस फिल्म शूटिंग के लिए स्टेशन परिसर और नमो-भारत ट्रेनों को किराए पर उपलब्ध कराएगा। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि ओटीटी प्लेटफार्मों, फीचर फिल्मों, डॉक्यूमेंट्री और वेब सीरीज के फिल्मांकन की पृष्ठभूमि के रूप में सार्वजनिक परिवहन विशेष रूप से मेट्रो रेल के उपयोग में वृद्धि हुई है। आधुनिक शूटिंग स्थानों की तलाश करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए एनसीआरटीसी का यह निर्णय एक आकर्षक अवसर प्रदान करता है। आरआरटीएस के बुनियादी ढांचे और नमो भारत ट्रेनें विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ वास्तुकला और मॉडर्न डिजाइन से परिपूर्ण हैं। जो दृश्यात्मक रूप से मनोरम और बहुमुखी शूटिंग का लक्ष्य रखने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए उनकी सिनेमाई कहानियों को बयां करने के लिए उत्तम विकल्प बनाते हैं। आरआरटीएस स्टेशनों का बाहरी आवरण मोर पंख के जीवंत रंगों से प्रेरणा लेते हुए आकर्षक नीले और बेज रंग से तैयार किया गया है। ये स्टेशन प्राकृतिक रोशनी से भरपूर, अच्छी तरह से प्रकाशित और हवादार स्थान प्रदान करते हैं। नमो भारत ट्रेनें विश्वस्तरीय सुविधाओं से साथ अपनी अनोखी लुक के लिए भी पहचानी जा रही हैं। जिनका एयरो-डायनामिक प्रोफाइल लुक को शानदार और मनमोहक बनाता है। आरआरटीएस परिसर को शूटिंग के अलावा अन्य आयोजन उद्देश्यों के लिए भी किराए पर लिया जा सकता है। यदि रात के समय (गैर-राजस्व घंटे) के दौरान नमो भारत ट्रेनों की आवश्यकता है, तो कार्यक्रमों की बुकिंग पर भी विचार किया जा सकता है। वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए एनसीआरटीसी के परिसर एवं ट्रेनें प्रति निर्धारित घंटे के आधार पर किराये पर दी जाएगी। दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ सभी आरआरटीएस स्टेशन नमो भारत ट्रेन के अंदर 2 लाख रुपए प्रति घंटा व आरआरटीएस स्टेशन में 2 लाख, नमो भारत ट्रेन और स्टेशन दोनों जगह 3 लाख, डिपो और साइट्स में 2.5 लाख रुपए किराया होगा।

### चीनी जन बैंक ने 2024 में अपने प्रमुख कार्यों को स्पष्ट किया

**बीजिंग( एजेंसी )।** चीनी जन बैंक ने 2024 में अपने प्रमुख कार्यों की घोषणा की। चीनी जन बैंक ने यह घोषणा की कि 2024 में वह विवेक पूर्ण मौद्रिक नीतियों को लचीला, उचित, सटीक और प्रभावी बनाने का प्रयास करेगा, प्रमुख क्षेत्रों में वित्तीय जोखिमों की रोकथाम और समाधान को लगातार बढ़ावा देगा, पूरी तरह से उच्च गुणवत्ता वाले वित्तीय विकास को बढ़ावा देगा। चीनी जन बैंक की 2024 कार्यबैठक में दस पहलुओं से 2024 के लिए प्रमुख कार्य प्रस्तावित हैं। उनमें से पार्टी के व्यापक और सख्त शासन को बढ़ावा देना जारी रखना पहले स्थान पर है। मौद्रिक नीति के संदर्भ में चीनी जन बैंक ने अच्छी मौद्रिक नीति जो लचीली, उचित, सटीक और प्रभावी है का प्रस्ताव रखा, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के आर्थिक कार्य सम्मेलन की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

### गौतम अडानी को पीछे छोड़ मुकेश अंबानी फिर बने एशिया के सबसे अमीर शख्स

**मुंबई( एजेंसी )।** दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में शामिल भारतीय रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच संपत्ति की रेस रोज नए मोड़ ले रही है। शेयरों में आए उछाल से बढ़ी नेटवर्थ के चलते अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर इंसान बन गए थे, लेकिन बीते 24 घंटों में उन्हें जो नुकसान हुआ है, उसके बाद एक बार फिर से ये ताज रिलायंस चेयरमैन के सिर सज गया है। अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से गौतम अडानी की शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में लगातार तेजी देखने को मिल रही थी। इसके चलते उनकी नेटवर्थ भी तेजी से बढ़ी और बीते शनिवार को ये बढ़कर 97.6 अरब डॉलर पर पहुंच गई थी, यही नहीं इस आंकड़े के साथ गौतम अडानी ने मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे। लेकिन ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, खबर लिखे जाने तक 3.09 अरब डॉलर (करीब 25000 करोड़ रुपये) का घाटा हुआ और वे अमीरों की लिस्ट में दो पायदान नीचे आ गए। गौतम अडानी की संपत्ति में बीते 24 घंटे में आई गिरावट पर गौर करें तो 3.09 अरब डॉलर की कमी के साथ उनकी नेटवर्थ घटकर 94.5 अरब डॉलर रह गई है। इसके चलते जहां मुकेश अंबानी उनसे दो पायदान ऊपर निकल गए हैं, तो वहीं फ्रैंन्कोइस बेटेकोर्ट मेयर्स नाम अरबपति भी उनसे आगे निकलकर 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक की कमाई के बारे में बात करें तो गौतम अडानी ने दूसरे तमाम अरबपतियों को काफी पीछे छोड़ते हुए 10.2 अरब डॉलर की संपत्ति जोड़ी है। एक ओर जहां गौतम अडानी की नेटवर्थ में कमी आई है, तो वहीं दूसरी ओर रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी की दौलत में इजाफा हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, अंबानी की नेटवर्थ 536 मिलियन डॉलर या करीब 4500 करोड़ रुपये बढ़ी है और इसके साथ ही ये बढ़कर 97.5 अरब डॉलर हो गई है। दौलत के इस आंकड़े के साथ ही वे दुनिया के टॉप अमीरों की लिस्ट में एक पायदान ऊपर चढ़कर अब 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि एशिया के सबसे अमीर इंसान का ताज भी फिर से उनके सिर सज गया है। दोनों भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में फासले पर गौर करें तो इनकी नेटवर्थ में 3 अरब डॉलर का फासला है। वहीं दुनिया के सबसे अमीर इंसान टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक एलन मस्क बने हुए हैं। उनकी नेटवर्थ 219 अरब डॉलर है। वहीं अमेजन के जेफ बेजोस की संपत्ति 170 अरब डॉलर है, जिसके साथ ये दूसरे पायदान पर हैं। बात करें दुनिया के तीसरे सबसे रईस इंसान की तो 167 अरब डॉलर के साथ इस कुर्सी पर फ्रांसीसी अरबपति बर्नार्ड अर्नाल्ट काबिज हैं।

# विराट कोहली और रोहित शर्मा अभी भी महान क्षेत्ररक्षक : सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में विराट कोहली और रोहित शर्मा की सीनियर जोड़ी के होने से टीम को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि ये जोड़ी अभी भी महान क्षेत्ररक्षक हैं और मैदान पर उनसे काफी मदद मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में 2022 पुरुष टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत को इंग्लैंड के हाथों दस विकेट से हार का सामना करने के बाद विराट और रोहित दोनों ने कोई टी20 मैच नहीं खेला है। वेस्टइंडीज और यूएसए में 1-29 जून तक होने वाले 2024 टी20 विश्व कप के साथ, यह देखना बाकी है कि इस मेगा इवेंट के लिए इन दोनों को भारतीय टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। विराट 2023 पुरुष



एकदिवसीय विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और उन्होंने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता, जबकि रोहित ने बल्ले से पावर-प्ले में टीम को तेज शुरुआत दी और ऑस्ट्रेलिया से फ़ाइनल हारने से पहले उन्हें प्रतियोगिता में लगातार दस जीत दिलाई। कोहली का फॉर्म पिछले डेढ़ वर्षों में शानदार रहा है। उन्होंने 2023 विश्व कप में अविश्वसनीय रूप से खेला, 3 शतकों के साथ 750 रन बनाए। इसलिए उनकी सीमित ओवरों की बल्लेबाजी के बारे में कोई संदेह नहीं है। लेकिन जो बात मुझे अच्छी लगती है वह उनकी क्षेत्ररक्षण क्षमता है। गावस्कर ने ब्रॉडकास्टर्स स्टार स्पोर्ट्स से कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा अभी भी महान क्षेत्ररक्षक हैं और मैदान पर बहुत मदद करेंगे। इसी तरह के विचार बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने भी व्यक्त किए, जो 2007 पुरुष टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य थे। व्यक्तिगत रूप से, मैं विराट को मैदान पर देखना पसंद करूंगा क्योंकि जब हम दो साल पहले की बात करते हैं, तो निश्चित रूप से वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। लेकिन पिछला आईपीएल और टी20 विश्व कप उनके लिए सबसे अद्भुत टूर्नामेंटों में से एक थे। इसके अलावा, जब आप वेस्ट इंडीज और यूएसए जैसे देशों में खेल रहे हैं, तो वहां काफी अज्ञात पिचें हैं, और यहां आपको मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की आवश्यकता होगी। दोनों खिलाड़ियों का खेलना टीम प्रबंधन और उनकी फिटनेस पर भी निर्भर करता है, लेकिन मैं दोनों को मैदान पर देखना पसंद करूंगा, खासकर तब जब रोहित ने भी अपना फॉर्म बदल लिया है और वनडे क्रिकेट में खूब रन बना रहे हैं। 2007 टी20 विश्व कप विजेता भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, अमेरिका, कनाडा और आयरलैंड के साथ रखा गया है। वे 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी में 34,000 सीटों वाले आइजनहावर पार्क स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, 9 जून को उसी स्थान पर एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान का सामना करने से पहले। वे 15 जून को लॉडरहिल, मियामी, फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी में कनाडा के खिलाफ मुकाबला करने से पहले, 12 जून को टूर्नामेंट मेजबान अमेरिका के खिलाफ न्यूयॉर्क में अपना तीसरा गेम खेलेंगे। भारत के सभी मैचों की शुरुआत का समय भारतीय समयानुसार 8:30 बजे है। गावस्कर ने निष्कर्ष निकाला, मैं 2007 टी20 विश्व कप में मौजूद था, और यह सबसे रोमांचक समय में से एक था।

## पथुम निसंका जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर

**कोलंबो( एजेंसी )।** श्रीलंका को एक अप्रत्याशित झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका को डेंगू के संदिग्ध मामले के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होना पड़ा। उनकी बीमारी की गंभीरता बहुत अधिक है, जिससे संभावित रूप से उन्हें अगले तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर कर दिया जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में इलाज के लिए निसंका के अस्पताल में भर्ती होने का खुलासा किया, जिससे बेहद प्रतीक्षित प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी पर संकट मंडरा रहा है।




जारी एक बयान में कहा गया, पथुम निसंका को संदिग्ध डेंगू संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तदनुसार, खिलाड़ी को आगे के प्रबंधन के लिए भर्ती किया जाता है और वह जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। एक रणनीतिक कदम में, 19 वर्षीय, एक होनहार प्रतिभा जिसके पास एकमात्र टी20 है, निसंका के प्रतिस्थापन के रूप में मैदान में कदम रखता है। सलामी बल्लेबाज के रूप में डेनियल की क्षमता के बावजूद, बल्लेबाजी लाइनअप में अविष्का फर्नांडो और कप्तान कुसल मेंडिस की मौजूदगी से शनिवार को पहले वनडे के लिए अंतिम एकादश में उनका स्थान अनिश्चित हो गया है। श्रीलंका के 2023 एकदिवसीय अभियान में एक दुर्जेय ताकत निसंका के बाहर होने से टीम को दुख है।

## भारत में टेस्ट के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी को लेकर अनिश्चित हैं जॉनी बेयरस्टो

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि उन्हें अभी तक पता नहीं है कि वह भारत में 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान टीम के लिए कीपिंग ग्लव्स पहनेंगे या नहीं। आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों के लिए 2023 टेस्ट होम समर में बेयरस्टो इंग्लैंड के प्राथमिक विकेटकीपर-बल्लेबाज थे। शुरुआत में उन्होंने कुछ गलतियाँ कीं, लेकिन एशेज का अंत 23 कैच और एक स्टंपिंग के साथ हुआ। इंग्लैंड ने भारत के टेस्ट दौरे के लिए और साथ ही अबू धाबी में आगामी तैयारी शिविर के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज बेन फॉक्स



को 16 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया था। फोक्स को 2021 दौरे में भारतीय पिचों पर तीन मैचों के दौरान अपनी बेदाग विकेटकीपिंग के लिए व्यापक प्रशंसा मिली थी। बेयरस्टो ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की है, जब तक मैं वहां हूं, जब तक मैं फिट हूं और काम कर रहा हूं, चयन के फैसले मेरे हाथ से निकल जाएंगे। लेकिन देखिए, मैं इस बात से काफी खुश हूं कि मैं यहां हूं, चाहे मैं कीपिंग कर रहा हूं, बल्लेबाजी कर रहा हूं या कुछ भी कर रहा हूं। इंग्लैंड के 2021 के भारत दौरे के दौरान बेयरस्टो ने चार पारियों में तीन शून्य बनाए। चेन्नई में पहले दो मैचों से आराम मिलने के बाद उन्होंने श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की स्पिन-अनुकूल पिचों पर खेले। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंग्लैंड भारतीय पिचों पर अपनी अति आक्रामक शैली के अनुसार ढलने और खेलने की चुनौती के लिए तैयार रहेगा।

## कॉपीराइट उल्लंघन के लिए लेखकों ने माइक्रोसॉफ्ट ओपनएआई पर मुकदमा दायर किया

**न्यूयॉर्क( एजेंसी )।** पुस्तक लेखकों ने सैन अल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट पर एक और क्लास एक्शन मुकदमा दायर किया है, जिन्होंने आरोप लगाया है कि कंपनी ने अरबों डॉलर की कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली बनाने में मदद करने के नाम पर उनके कॉपीराइट किए गए कार्यों को चुरा लिया है। अगल्प (नॉन-फिक्शन) लेखकों निकोलस बासबेन्स और निकोलस गेज द्वारा देर रात मैनहट्टन संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया गया था। बासबेन्स और गेज लेखकों के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं जिनके कॉपीराइट किए गए काम को माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई द्वारा व्यवस्थित रूप से चुराया गया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है, वे किसी




भी अन्य चोर से अलग नहीं हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि इसमें अमेरिका के सभी लोग शामिल होंगे जो उन कार्यों के कॉपीराइट के लेखक या कानूनी लाभकारी मालिक हैं जिनका उपयोग प्रतिवादियों द्वारा उनके लार्ज लैंग्वेज मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया गया है या किया जा रहा है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि मुकदमे में प्रतिवादियों द्वारा उल्लंघन किए गए प्रत्येक कार्य के लिए डेढ़ लाख डॉलर तक के हर्जाने की मांग की गई है। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि ओपनएआई की प्रणाली भारी मात्रा में लिखित सामग्री को ग्रहण करके प्रशिक्षित होने पर निर्भर करती है, जिसमें बासबेन्स और गेज द्वारा लिखी गई किताबें शामिल हैं। मावक्रोसॉफ्ट या ओपनएआई ने अभी तक नए मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। पिछले साल सितंबर में, ऑथर्स गिल्ड और जोनाथन फ्रेंज़ेन, जॉन ग्रिशम, जॉर्ज आर.आर. मार्टिन और जोड़ी पिकौल्ट जैसे 17 प्रसिद्ध लेखकों ने ओपनएआई के खिलाफ न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में मुकदमा दायर किया था। शिकायत के अनुसार, ओपनएआई ने बिना अनुमति या विचार के, वादी के कार्यों की थोक में नकल की और कॉपीराइट सामग्री को लार्ज लैंग्वेज मॉडल में डाल दिया।

## कैंटाबिल रिटेल ने छत्तीसगढ़ में अपना 11वां स्टोर खोलकर अपनी रिटेल मौजूदगी का किया विस्तार

**राजनंदगांव।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने राजनंदगांव में अपना रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1523 वर्ग फुट क्षेत्रफ्ल में फैला, ब्रांड का यह स्टोर दिग्विजय स्टेडियम, अनुपम नगर, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़ में स्थित है। स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, हमें छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव में अपने इस 11 वें रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड-प्रीमियम सेगमेंट




में, ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है। इसके साथ ही पुरुषों के फैशन की एक प्रभावशाली श्रृंखला के अलावा, स्टोर में एक्टिव वियर के लिए एक डेडिकेटेड सेक्शन भी होगा, जो कि उन लोगों को अपनी सेवायें प्रदान करेगा जो अपने एथलेटिक गतिविधियों में कम्फर्ट एवं स्टाइल दोनों को चाहते हैं। आज, सम्पूर्ण देश में हमारी मजबूत उपस्थिति है और हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है। नया कैंटाबिल रिटेल स्टोर अपने ग्राहकों को रिटेल अनुभव के भविष्य की झलक पेश करता है, क्योंकि स्टोर प्रतिस्पर्धी मूल्य पर पुरुषों के लिए फॉर्मल-वियर, कैजुअल तथा अल्ट्रा-कैजुअल कपड़ों के साथ एक्टिव वियर और फुटवियर की सम्पूर्ण रेंज पेश करता है। इस स्टोर के खुलने के साथ ही, कैंटाबिल रिटेल पूरे भारत में 515 स्टोर तक पहुंच गया है और अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार जारी रखने की योजना बना रहा है। कैंटाबिल रिटेल हमेशा से ही अत्याधुनिक शैली में प्रीमियम कपड़े पेश करने में सबसे आगे रहा है। ब्रांड हर साल एक आरामदायक, क्लासिक और स्टाइलिश कलेक्शन तैयार करता है, जो ब्रांड को तेजी से बदलते समय के हिसाब से एक नई पहचान प्रदान करता है।

### बंधन म्यूचुअल फंड ने नया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

बंधन म्यूचुअल फंड ने नया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**रायपुर।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है। नया फंड भारतीय इक्विटी, इंटरनेशनल इक्विटी, आर्बिट्रेज, गारंटिड इनकम, सोना और चांदी सहित विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश को सक्षम बनाती है। कई स्टडीज ने स्थापित किया है कि सुरक्षा चयन या बाजार समय के बजाय एसेट आवंटन, रिटर्न विविधता को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक है। यह नया फंड विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश में विविधता लाकर रिवॉर्ड और जोखिम को अनुकूलित करने के लिए एक मल्टी-एसेट एलोकेशन रणनीति अपनाएगा, प्रत्येक विकास, स्थिरता और मुद्रास्फीति संरक्षण के मामले में अद्वितीय लाभ प्रदान करेगा। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) बुधवार, 10 जनवरी 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और बुधवार, 24 जनवरी 2024 को बंद हो जाएगा। बंधन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, निवेश सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जा सकता है। मल्टी-एसेट एलोकेशन दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, विशेष रूप से ऐसे समय में जब इक्विटी बाजारों में चुनिंदा खंडों ने पिछले दिनों बहुत मजबूत रिटर्न प्रदान किया है, जिससे संभावित रूप से कुछ निवेशकों के लिए एकाग्रता जोखिम पैदा हो गया है, बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर का कहना है कि एसेट एलोकेशन निवेशकों को बाजार के समय और परफॉर्मेंस का पीछा करने जैसे व्यवहारिक नुकसान से बचने में मदद करता है। जिसके परिणामस्वरूप छोटी होल्डिंग अवधि, पोर्टफोलियो असंतुलन और सब-ऑप्टिम रिटर्न हो सकता है। अनुभवी निवेशक मानते हैं कि कोई भी एसेट वर्ग लगातार अवधियों तक विजेता नहीं रहा है, और इसलिए, एसेट वर्गों में विविधता लाने से रिटर्न में अधिक स्थिरता और निरंतरता आती है।

### सैमसंग ने भारत में अगले गैलेक्सी स्मार्टफोन के लिये प्री-रिजर्व शुरू किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड सैमसंग ने अपने अगले फ्लैगशिप गैलेक्सी स्मार्टफोन के प्री-रिजर्व की घोषणा कर दी है। इस स्मार्टफोन को इसी महीने पेश किया जाएगा। प्री-रिजर्व्ड ग्राहक नये गैलेक्सी डिवाइसेस की जल्दी खरीदी कर सकेंगे और ये प्रोडक्ट्स खरीदने पर खास ऑफर्स का फायदाभी उठा सकेंगे। ग्राहक Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in और भारत में अग्रणी रिटेल दुकानों पर 2000 रुपये की टोकन राशि देकर फ्लैगशिप गैलेक्सी डिवाइसेस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्व करने वाले उपभोक्ताओं को 5000 रुपये का फायदा होगा। पहले गैलेक्सी फ्लैगशिप की पेशकश के बाद से ही सैमसंग लगातार उपभोक्ताओं के लिये फ्लैगशिप के अनुभव को बेहतर बना रहा है और उसमें लगातार नयापन लेकर आ रहा है। फ्लैगशिप के अगले जनरेशन के साथ बेहतर डिवाइसेस पेश किये जा रहे हैं, जोकि वर्षों के कठोर शोध एवं विकास और निवेश पर आधारित हैं। सैमसंग गैलेक्सी इनोवेशन के नये युग को बढ़ावा देना और उद्योग के अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करनाचाहता है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 09 जनवरी 2024

## बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा


**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 12849/12850 बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा बिलासपुर से दिनाँक 11 जनवरी 2024 को एवं पुणे से दिनाँक 12 जनवरी 2024 को उपलब्ध रहेगी 7 इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।



# संक्षिप्त समाचार

## अखिल भारतीय ब्रिज खेल टूर्नामेंट आज से रायपुर में, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज कर रही टूर्नामेंट की मेजबानी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 45वें अखिल भारतीय ब्रिज टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने 9 से 11 जनवरी तक रायपुर में किया है। तीन दिवसीय इस ब्रिज खेल स्पर्धा में अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड के अधीन आने वाले कई राज्य के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसका उद्घाटन 9 जनवरी को सुबह 10 बजे एम्स के सामने होटल गगन पैलेस में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के श्री एसके कटियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक एवं केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री एमएस चौहान ने बताया कि अभी तक छह राज्यों के लगभग 30 खिलाड़ियों के इसमें शामिल होने की सहमति प्राप्त हो गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा पहले भी राष्ट्रीय स्तर खेल स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया है। सभी खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था कर ली गई है। स्पर्धा का समापन 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे होगा।




## राजधानी में जिंदल स्टील द्वारा राज्य स्तरीय फल-फूल सब्जी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता 13, 14 एवं 15 जनवरी को

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, उद्यानिकी विभाग छग शासन, प्रकृति की ओर से सोसाइटी, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 13, 14, 15 जनवरी को फल फूल सब्जी प्रतियोगिता एवं आयोजन गाँधी उद्यान रायपुर में किया जा रहा हैं.इस आयोजन में तोरण सजाओ, पेंटिंग, सलाद सजाओ आदि प्रतियोगिताओ को शामिल किया जायेगा विभिन्न श्रेणी में रखी गयी इस प्रतियोगिता में बागवानी में शामिल कॉलेज स्कुल के गार्डन्स एवं छोटे बड़े घरो के गार्डन्स एवं टेरिस गार्डन्स में की गयी बागवानी के साथ साथ इस प्रतियोगिता में विजेताओं को अलग अलग श्रेणी में स्टार ग्रीन अवार्ड से नवाजा जायेगा। इस आयोजन में राजिम के सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू अपनी रेत् कलाकृति से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। वही इस आयोजन में जिंदल स्टील द्वारा तैयार किए गए 8000 से अधिक फूलो के गमले आकर्षण का केंद्र रहेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय विष्णु देव साय मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पश्चिम विधानसभा में पर्व की तरह मनाई जाएगी : राजेश मूणत

### मूणत के नेतृत्व में रायपुर पश्चिम विधानसभा की बैठक सम्पन्न, कहा- 'राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' वर्षों का संकल्प 22 जनवरी को होगा पूर्ण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में रायपुर पश्चिम विधानसभा की बड़ी बैठक का आयोजन किया गया विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में आहूत बैठक में विभिन्न समसामयिक विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा एवं जरूरी निर्देश दिए गए आगामी दिनों में भाजपा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए है जिनके क्रियान्वयन हेतु कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी का आबंटन किया गया सनद रहे की, आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर निर्माण होने जा रहा है जिसको लेकर समग्र हिंदू समाज में खासा उत्साह है भारतीय जनता पार्टी भी इस अवसर को यादगार और विशेष बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती भाजपा राम मंदिर निर्माण को बड़े उत्सव के रूप में मानने की तैयारी में है।

पश्चिम विधानसभा की बैठक में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए विधायक राजेश मूणत ने कहा की सर्व प्रथम आप सभी कार्यकर्ताओ का आभार है इस ऐतिहासिक जीत का हकदार पार्टी का हर कार्यकर्ता है आप सभी के अथक परिश्रम से हमने 40 हजार से अधिक मतों की ऐतिहासिक जीत दर्ज की हर किसी व्यक्ति विशेष को श्रेय देकर इस विराट विजय के स्तर को हम छोटा नही करना चाहते आज इस मंच से मैं आप सभी के परिश्रम को करबद्ध प्रणाम करता हूं, आगामी दिनों में बहुत से कार्यक्रम जो संगठन से जुड़े है में हम सभी को अपनी पूर्ण सहभागिता देनी है क्योंकि हमने चुनाव जीता जरूर है परंतु लक्ष्य अभी अधूरा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन: तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है पश्चिम विधानसभा के 268 बूथों में से ग्यारह बूथों पर हम विपक्षियों से पिछड़ गए हैं हम सभी को मिलकर उसका मंथन कर लोकसभा चुनाव में सत प्रतिशत बूथों पर बढ़त लाकर नया मिल का पत्थर स्थापित करना है उन्होंने आगे कहा की आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है 550 वर्षो की लंबी प्रतीक्षा के पश्चात हमारे प्रभु श्री राम जी की जन्मस्थली पर का भव्य मंदिर बनकर भक्तो के दर्शन के लिए चालू कर दिया जाएगा हम सभी को इस अवसर को बेहद विशेष बनाना है यह ऐसा अविष्मरणीय उत्सव हो जो देश विदेश में ऐतिहासिक रहे इसके लिए हर हिंदू परिवार को इस पर्व से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है रायपुर पश्चिम के सभी 20 वार्डो में आगामी 17 से लेकर 19 जनवरी तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा जिसमे हमारे सभी अनुसांगिक संगठनों का भी सहयोग और सामंजस्य स्थापित कर सफलता पूर्वक भजन कीर्तन सहित प्रभात फेरी संपन्न हो एवं साथ ही चारो मंडल के प्रमुख 4 स्थानों पर मंदिर के उद्घाटन का सीधा प्रसारण एल.ई.डी. के माध्यम से दिखाया जायेगा।

बैठक में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, गोवर्धन खंडेलवाल, मीनल चौबे, चन्नी वर्मा, अशोक पांडे, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आशु चंद्रवंशी, अनिल सोनकर, भूपेंद्र ठाकुर, श्रीनिवास राव, गोविंदा गुप्ता, गोपी साहू, महेश बैस, स्त्यम दुवा, आशु चंद्रवंशी, पुरषोत्तम देवांगन, बजरंग खंडेलवाल, शिवजलम दुबे, वंदना राठौड, प्रीतम ठाकुर, बी.श्रीनिवास राव, अनिल सोनकर, भूपेंद्र ठाकुर, मोहन उपारकर, विनोद अग्रवाल, भोलाराम साहू, दीपक जयसवाल, कामिनी देवांगन, कमलेश वर्मा, श्रवण शर्मा, नवीन शर्मा, गोदावरी गज्जू साहू, प्रखर मिश्रा, विकास सेठिया, पुष्पेंद्र उपाध्याय, वंदना मुखर्जी, विशेष शाह, सुरेंद्र साहू, विनय जैन, शुभांकर द्विवेदी, दीपू शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजस्तरीय खादी प्रदर्शनी खादी बाजार-स्थानीय उत्पाद अमृत महोत्सव का आयोजन






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खादी इण्डिया प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत रोजगार की नई पहल हेतु राजस्तरीय खादी प्रदर्शनी खादी बाजार-स्थानीय उत्पाद अमृत महोत्सव का आयोजन हाट-बाजार पण्डरी में किया जा रहा है। राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित यह महोत्सव दिनांक 05 से 14 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 से रात्रि 09 बजे तक आयोजित है। छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों की खादी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध कोसा की साड़ियां, सिल्क साड़ी, शर्टिंग, ड्रेस मटेरियल, रेडीमेड शर्ट, कुर्ता, पायजामा, जैकेट, बैडशीट, दरी, लुंगी, गमछे आदि ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग की वस्तुओं को खरीदकर कारीगरों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने जनमानस में जागरूकता हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदर्शनी में पीएमईजीपी/ग्रामोद्योग के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित सामग्री लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस को एक स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी के रूप में काम करने का लाइसेंस प्राप्त हुआ



**बेंगलुरु (विश्व परिवार)।** नारायणा हृदयालय लिमिटेड (नारायणा हेल्थ) की सब्सीडरी कंपनी-नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड (नारायणा हेल्थ) को स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है। यह लाइसेंस इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ( आई.आर.डी.ए.आई ) द्वारा प्राप्त हुआ है।

नारायणा हृदयालय के फाउंडर एंड चेयरमैन एवं नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस के चेयरमैन डॉ. देवी शेट्टी ने कहा कि, हमें एक स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी के रूप में काम करने का लाइसेंस प्राप्त करके बेहद ही प्रसन्नता हो रही है। यह हमारी कंपनी के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है और इससे हमें स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने के अपने मिशन को हासिल करने में मदद मिलेगी। हम आईआरडीएआई के अध्यक्ष देबाशीष पांडा और पूरी आईआरडीएआई टीम के मार्गदर्शन के लिए आभारी हैं। हाल ही के कुछ समय में हेल्थ इंश्योरेंस लाइसेंस के लिए मिलने वाली मंजूरी में यह प्रक्रिया सबसे तेज है और यह दर्शाता है कि रेगुलेटर और सरकार देश भर में बीमा पहुंच बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को लेकर गंभीर हैं। हम 2047 तक सभी के लिए बीमा के दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। और मानते हैं की हमारी कंपनी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। नारायणा हृदयालय लिमिटेड के वॉइस चेयरमैन और नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड के डॉयरेक्टर वीरेन शेट्टी ने कहा कि, यह एक अस्पताल संचालक से एक एकीकृत देखभाल प्रदाता के रूप में नारायण हेल्थ के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य अपने लाभकर्ताओं के लिए एक सहज और एकीकृत स्वास्थ्य सेवा अनुभव प्रदान करना है, और यह लाइसेंस हमें स्वास्थ्य बीमा उत्पादों और सेवाओं का एक व्यापक सूट पेश करने।

## छत्तीसगढ़ के डॉ. प्रदीप शर्मा का राजस्थान में सम्मान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** साहित्य मंडल, श्रीनाथ द्वारा, राजस्थान में 6 एवं 7 जनवरी को आयोजित श्री भगवती प्रसाद जी देवपुरा स्मृति एवं राष्ट्रीय बाल साहित्य समारोह 2024 में छत्तीसगढ़ के डॉ. प्रदीप शर्मा को श्री वैभव कालरा स्मृति सम्मान एवं दो हजार एक सौ रुपए की राशि सहित बाल साहित्य विभूषण की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। बाल साहित्य, लघुकथा एवं कहानी लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु डॉ. प्रदीप शर्मा को नगद राशि, शॉल, श्रीफल, मोतियों की माला, मेवाड़ी पगड़ी, श्रीनाथ जी की तस्वीर और सम्मान-पत्र देकर संस्था के प्रधानमंत्री श्री श्याम प्रकाश देवपुरा एवं अध्यक्ष मदनमोहन शर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा देश के उन गिने-चुने साहित्यिक संस्थाओं में से एक है, जहां साहित्यिक सम्मान हेतु रचनाकारों से प्रविष्टियाँ नहीं मंगाई जाती, बल्कि संस्था के पदाधिकारी स्वयं देश के विभिन्न भागों के रचनाकारों को उनकी रचनाकर्म और स्थापित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित रचनाओं के आधार पर चुनते हैं और प्रतिवर्ष दो बार जनवरी और सितंबर माह में भव्य समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित करते हैं। उल्लेखनीय है कि दो महीने पहले ही 5 नवंबर 2023 को डॉ. प्रदीप शर्मा को कवि लोक साहित्य परिषद, बिलासपुर की ओर से उनकी लघुकथा संग्रह चिल्हर के लिए कवि लोक कथा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया था। डॉ. प्रदीप शर्मा की विभिन्न विधाओं की अब तक सोलह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने स्वर्गीय नंदकुमार बघेल को पुष्पांजलि अर्पित की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के शांति नगर स्थित निवास पहुंच कर उनके पिता स्वर्गीय श्री नंदकुमार बघेल को पुष्पांजलि अर्पित की और गहरी संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल ने मृत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 89 वर्षीय पिता नंद कुमार बघेल का आज 8 जनवरी को सुबह 6 बजे निधन हो गया। नंद कुमार बघेल पिछले 3 माह से रायपुर के श्रीबालाजी हॉस्पिटल में भर्ती थे। वे लम्बे समय से अस्वस्थ थे और कमजोर थे। उन्होंने आज आखिरी सांसें ली।

## अर्हम टेक्नोलॉजी लि. के प्रोडक्ट्स में लगे खुद के पंख, अब बाजार में उपलब्ध कराएंगे खुद के बनाए मल्टीप्ल वैराइटीज के पंखे




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आप यदि लक्ष्य निर्धारित करके, पूरे आत्मविश्वास के साथ टारगेट की ओर ध्यान केंद्रित करके बढ़ते रहेंगे तो सफलता अवश्य मिलती है, यह साबित कर दिया है अर्हम टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने। अपने एक-एक लक्ष्य को हासिल करते हुए आज कंपनी द्वारा बाजार में उपभोक्ताओं के लिए अपने सनशाइन ब्रांड की सीरीज में पंखे के पंख को जोड़ दिया है। कंपनी ने अपने स्टार साइन ब्रांड के पंखे मल्टीप्ल वैराइटीज में बेस्ट क्वालिटी के साथ बाजार में उतार दिए हैं। मात्र 1100 से पंखों की रेंज शुरू की गई है, जो हर वर्ग की पहुंच से बहुत करीब है। आज लॉन्चिंग के अवसर पर बिलासपुर हाई कोर्ट के पूर्व जज गौतम चौरडिया, कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रोशन जैन, कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित जैन, डायरेक्टर अनेकांत जैन सहित प्रमुखजन, कंपनी के स्टाफ रायपुर और छत्तीसगढ़ के सभी डीलर्स उपस्थित थे।

**जल्द गूगल टीवी के रेंज करेंगे लॉन्च, कंपनी लगातार हमने शेयर होल्डर्स को दे ही मुनाफा**

कंपनी के एग्जेक्युटिव डाइरेक्टर अंकित जैन ने बताया कि कंपनी ने 7 जनवरी को पंखे की यूनिट का उद्घाटन किया है। कंपनी सीलिंग फैन के साथ ही बीएडीसी पंखे स्टार साइन प्रोडक्ट के नाम से बाजार में उतार दी है। पंखे हाई स्पीड के साथ ही बेस्ट क्वालिटी और 5 साल की वारंटी के साथ उपलब्ध रहेंगे। मेक इन इंडिया के तहत फर्स्ट क्लास प्रोडक्ट कंपनी की ओर से बनाए जा रहे हैं। भारत सरकार के सहयोग से नया रायपुर में यूनिट लगाई है।

अंकित जैन ने कहा कि पूरे हिंदुस्तान में अपने प्रॉडक्ट्स को पहुंचाएंगे। बेस्ट क्वालिटी प्रोडक्ट्स एवं कम से कम दाम में प्रोडक्ट उपलब्ध कराएंगे। अभी तक हम आउटसोर्स मैन्युफैक्चरिंग कर रहे थे, अब हमारा खुद का प्रोडक्शन शुरू हो गया है। हम स्वयं बनाकर अब बाजार में उपलब्ध कराएंगे। इससे देश का भी भला हो और जनता का भी भला हो, यह हमारा उद्देश्य है।

अंकित जैन ने कहा कि शेयर मार्केट में लिस्टिंग को लेकर हमारा 1 साल पूर्ण हुआ है। हमने हमारे शेयर होल्डर्स को 5 गुना रिटर्न दिया है। कंपनी लगातार अपने नए प्रॉडक्ट्स को लॉन्च करके अपने मार्केट को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है और बेहतर से बेहतर करेंगे, यह हमारी तरफ से लक्ष्य निर्धारित है।

अंकित जैन ने कहा कि स्टार साइन ब्रांड की क्वालिटी बड़े ब्रांड्स की क्वालिटी के बराबर है और उइसे 50 प्रतिशत कम दाम में उपभोक्ताओं को उपलब्ध होंगे। आगे गर्मी के सीजन को देखते हुए कलर भी हमारे तैयार हैं। हर साल हमारा मार्केट कूलर का डबल हो रहा है। सेंट्रल इंडिया में हम मार्केट लीडर्स की तरह अपने प्रॉडक्ट्स को बाजार में उतरना पसंद करेंगे। हमारे डीलर्स के साथ के कारण ही हम हिम्मत करके यह यूनिट का सेटअप कर पाए हैं। यह सहयोग हमें आगे भी लगातार मिलते रहेगा तो हम और बेहतर से बेहतर करने का पूरा प्रयास करेंगे। हम आग्रह करेंगे कि डीलर्स का साथ हमारे साथ ऐसे ही बना रहे, हम उपभोक्ताओं के विश्वास पर मिलाकर खरे उतरेंगे। हम हमेशा उपभोक्ताओं के लिए नए प्रॉडक्ट्स और नई क्वालिटी के प्रोडक्ट्स बेस्ट क्वालिटी के प्रोडक्ट्स बेस्ट रेट में हम प्रोवाइड करते रहेंगे। कंपनी के डायरेक्टर अनेकांत जैन ने कहा कि 2019 से हम आगे बढ़ते आ रहे हैं। हमारे प्रोडक्ट का नाम स्टार साइन है, हमारा जो मार्केट है वह छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित अन्य जगहों में है।

## कलिंगा विश्वविद्यालय में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 6 जनवरी, 2024 को, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर, सीजी में वाणिज्य और प्रबंधन संकाय द्वारा आयोजित बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, आइडियाथॉन 3.0, सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रमुख कार्यक्रम 2021 से एक वार्षिक परंपरा रही है और यह इस वर्ष 5 और 6 जनवरी 2024 को हाइब्रिड मोड में हुआ।

इस प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में छत्तीसगढ़ के अनेक प्रमुख उद्यमी शामिल थे जिनमें सुश्री नम्रता यदु (निदेशक, छत्तीसगढ़ मशरूम), श्री अमनदीप सिंह भाटिया (गिफ्ट क्या दे के संस्थापक), सुश्री नम्रता तातिया (एक्यूलीगल के संस्थापक), श्री अभिजीत शर्मा (बिजनेस मैनेजर, आईजीकेवी आरकेवीवाई), श्री अतुल प्रधान (एसएएआर एग्रीवेट कंसल्टेंसी के संस्थापक), श्री सोमेश शर्मा (ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड के सह-संस्थापक), श्रीमती बी शिरिषा (क्वालिटी हेड, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड) ), और श्री रजत जैन (ऑटोमेशन लीड, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड) शामिल थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के के आंतरिक न्यायाधीशों में कुलपति डॉ. आर. श्रीधर और महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन शामिल थे।

5 जनवरी को कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। सम्मानित अतिथि सुश्री नम्रता यदु और श्री अमनदीप सिंह ने प्रतिभागियों के साथ अपने दृष्टिकोण साझा किए। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति और महानिदेशक ने भी उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए। टीमों ने अगले दो दिनों में अपने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई। स्कूल और कॉलेज, रुपये के नकद पुरस्कार के साथ। विजेता और उपविजेता के लिए 25, 000 रुपये और 15, 000 रुपये के नकद पुरस्कार, प्रत्येक श्रेणी में दूसरे और तीसरे उपविजेता के लिए 10,000 रुपये और 5,000 रुपये के नकद पुरस्कार थे। भारत भर के प्रतिष्ठित संस्थानों और स्कूलों की 55 टीमों ने अपने नवीन व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए।

समापन समारोह में, सम्मानित अतिथि श्री सोमेश शर्मा ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए, और अतिथि वक्ता अभिजीत शर्मा और श्री अतुल प्रधान ने व्यवसाय योजना प्रतियोगिता की तकनीकीताओं के बारे में जानकारी प्रदान की। स्कूल श्रेणी में प्रतियोगिता के विजेता थे: टीम एल्गोरिदम अल्केमिस्ट (सेंट फ्रांसिस स्कूल, नई दिल्ली) ने प्रथम पुरस्कार जीता और टीम इनो विजन (केपीएस नया रायपुर) ने दूसरा पुरस्कार जीता। कॉलेज श्रेणी में, विजेता थे: टीम वैकसेवर (ट्रिनिटी कॉलेज, पुणे) ने विजेता के रूप में विजयी पुरस्कार हासिल किया, टीम पिप इंस्टाल (सेंट जोसेफ कॉलेज, चेन्नई) प्रथम उपविजेता रही, श्री पार्थ मजूमदार (कलिंगा विश्वविद्यालय) रहे। द्वितीय रनर अप और टीम स्टाइलिन (एनआईटी अगरतला) तृतीय रनर अप रही।

समापन समारोह के दौरान, मानद अतिथि श्री सोमेश शर्मा ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए, जबकि अतिथि वक्ता श्री अतुल प्रधान और श्री अभिजीत शर्मा ने बिजनेस प्लान प्रतियोगिता की तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के सह-संयोजक श्री राम गिरधर ने समग्र आइडियाथॉन 3.0 रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि कार्यक्रम की संयोजक और वाणिज्य और प्रबंधन संकाय की प्रमुख सुश्री शिंकी के पांडे ने आभार व्यक्त किया और आधिकारिक तौर पर कार्यक्रम का समापन किया। श्री तुषार बारिक, श्री सात्विक जैन, सुश्री शिवांगी माकाडे, सुश्री निष्ठा शर्मा, डॉ. निधि गोयनका, सुश्री दीप्ति पटनायक और सुश्री धारणा अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में टीम का नेतृत्व किया।

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101- 150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354